


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 218 | ग्वालियर शुक्रवार 14 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




### पीएम मोदी ने किया तीन बड़े बदलावों का ऐलान

## सीमलेस, फेसलेस और पेनलेसः पीएम मोदी ने जारी की नई टैक्स व्यवस्था



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश के ईमानदार करदाताओं के लिए नया प्लेटफॉर्म 'पारदर्शी कराधान-ईमानदार का सम्मान' (ट्रांसपेरेंट टैक्सेशन-ऑनरिंग द ऑनेस्ट) लॉन्च किया। इसमें फेसलेस एसेसमेंट, अपील और टैक्सपेयर चार्टर जैसे बड़े रिफॉर्म्स शामिल हैं। फेसलेस एसेसमेंट और टैक्सपेयर चार्टर आज से ही लागू हो गए हैं जबकि फेसलेस अपील 25 सितंबर यानी दीनदयाल उपाध्यान जन्मदिवस से देशभर में लागू हो जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि देश में चल रहा संगठनात्मक बदलाव का सिलसिला आज एक नए पड़ाव पर पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फेसलेस टैक्स स्क्रूटनी का अनावरण करते हुए लोगों से उनके देय करों का भुगतान करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आग्रह भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि आयकर विभाग एक 'टैक्सपेयर चार्टर% को अपनाएगा जो कर अधिकारियों और करदाताओं दोनों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की रूपरेखा तैयार करता है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि अब टैक्स सिस्टम भले ही फेसलेस हो रहा है, लेकिन टैक्सपेयर को ये फेयरनेस और फीयरलेसनेस का विश्वास देने वाला है। ट्रांसपेरेंट टैक्सेशन- ऑनरिंग द ऑनरेस्ट% प्लेटफॉर्म लॉन्च करते हुए मोदी ने कहा कि विभाग 25 सितंबर से फेसलेस अपील शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि ईमानदार करदाता राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मोदी ने कहा कि यह कर अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे करदाताओं के साथ गरिमा के साथ व्यवहार करें, लोगों को भी करों का भुगतान करने को उनकी जिम्मेदारी मानना चाहिए। भारतीय कर प्रणाली में मौलिक सुधारों की आवश्यकता थी, उन्होंने कहा, भारत को सबसे कम कॉर्पोरेट कर दरों वाले देशों में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री ने टैक्सपेयर्स चार्टर लागू करने का ऐलान किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले बजट में टैक्सपेयर्स चार्टर लाने का ऐलान किया था। पिछले हफ्ते भी उन्होंने इस चार्टर को जल्द लागू करने के संकेत दिए थे। टैक्सपेयर्स चार्टर का मकसद करदाताओं और इनकम टैक्स विभाग के बीच विश्वास बढ़ाना, टैक्सपेयर्स की परेशानी कम करना और अधिकारियों की जवाबदेही तय करना होता है। जानकारी के मुताबिक, इस समय दुनिया के सिर्फ तीन देशों- अमेरिका, कनाडा और आस्ट्रेलिया में ही यह लागू है।

### सबसे लंबे समय तक पीएम रहने वाले गैर-कांग्रेसी बने नरेन्द्र मोदी तोड़ा वाजपेयी का रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त 2020 को लगातार सातवीं बार लाल किले की प्राचीर से झंडा फहराने जा रहे हैं। इसी के साथ वह सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए है। इससे पहले, गैर कांग्रेसी नेताओं में अटल बिहारी वाजपेयी ने 6 बार साल 1998 से लेकर 2003 तक लाल किले पर झंडा फहरा कर इतिहास बनाया था। पीएम मोदी ने वाजपेयी के बतौर गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के तौर पर उनके सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उन्होंने 26 मई 2014 को पीएम पद की शपथ ली। इसके बाद में फिर से 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने और भी बड़ी जीत हासिल की और नरेंद्र मोदी दोबारा पीएम बने। अब वह भारतीय इतिहास में चौथे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन चुके हैं। आजादी के बाद यानी साल 1947 से लेकर 2019 तक देश के 15 प्रधानमंत्री बने। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम देश के सबसे लंबे समय तक राज करने का रिकॉर्ड है। वह निधन से पहले यानी 6,130 दिनों तक देश के प्रधानमंत्री बने रहे। जवाहर लाल नेहरू ने आजादी के बाद 5 अगस्त 1947 को देश का प्रधानमंत्री पद संभाला था। उसके बाद वह 27 मई 1964 तक यानी 16 साल 286 दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहे।



### पहले निजी रॉकेट इंजन का परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के अलावा भारत में अब निजी क्षेत्र भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में सफलता से कदम आगे बढ़ा रहा है। हैदराबाद स्थित एक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने ऊपरी चरण के रॉकेट इंजन का हैदराबाद में सफल परीक्षण किया है। सूत्रों के मुताबिक इस रॉकेट इंजन का नाम प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक के नाम पर रमण रखा गया है। यह इंजन कई उपग्रहों को एक ही बार में अलग-अलग आर्बिट में स्थापित कर सकता है।

### बहुप्रतिक्षित कर सुधारों की घोषणा से कर अनुपालन होगा बेहतरः उप राष्ट्रपति

**नई दिल्ली ।** उपराष्टपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा बहुप्रतिक्षित कर सुधारों की घोषणा कर देने से अब कर कानूनों का अनुपालन और बेहतर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को करदाता और कर अधिकारी के आमने सामने आए बिना, जाने पहचाने बिना कर रिटर्न का आकलन किए जाने (फेसलैस एसेसमेंट) और करदाता चार्टर सहित कई कर सुधारों की घोषणा की है। उपराष्टपति सचिवालय ने नायडू के हवाले से ट्वीट किया, खुश हूं कि सरकार ने पारदर्शिता को बढ़ावा देने और ईमानदार करदाता को पुरस्कृत करने के लिए लंबे समय से प्रतिक्षा किये जा रहे कर सुधारों की घोषणा कर दी।

### महंत नृत्य गोपाल दास कोरोना पॉजिटिव, राम मंदिर के भूमि पूजन में हुए थे शामिल

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर उत्तर प्रदेश के मथुरा पहुंचे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्र्स्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल में भती कराया गया है। कोरोना जांच में नृत्य गोपाल दास संक्रमित पाए गए हैं, जिसके बाद उनको उचित स्वास्थ्य सहायता के लिए खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नजर बनाए हुए हैं। उधर कोरोना संक्रमित होने की खबर के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत की जानकारी ली है। इस संबंध में सीएम योगी ने खुद डीएम मथुरा से बात की और मेदांता अस्पताल के डॉ नरेश त्रेहन से भी बात की है। सीएम ने महंत को तुरंत मेदांता में भर्ती करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने डीएम मथुरा को इसं सबंध में सभी जरूरी सहयोग करने का निर्देश दिया है। बता दें हर वर्ष की तरह महंत नृत्य गोपाल दास जन्माष्टमी के मौके पर मथुरा पहुंचे थे, जहां उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें बुखार और सांस लेने में तकलीफ है। आनन-फानन में डॉक्टरों को बुलाया गया। तबीयत बिगड़ने के बाद डीएम मथुरा समेत आगरा के सीएमओ व अन्य डॉक्टर इलाज के लिए सीताराम आश्रम पहुंचे।



### अशोक गहलोत से मिलने घर पहुंचे सचिन पायलट, गर्मजोशी से मिले दोनों नेता

## पिछले एक माह में जो भी हुआ उसे लोकतंत्र के हित में माफ करने और भूलने की जरूरत है : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस में राजनीतिक संकट अब खत्म होने की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी सभी विधायकों से अपनी नाराजगी दूर करने में जुट गए हैं। इसी सिलसिले में सीएम गहलोत ने कहा है कि पिछले एक महीने में पार्टी में जो भी हुआ, हमें देश, राज्य, लोगों और लोकतंत्र के हित में माफ करने और भूलने की जरूरत है। मुख्यमंत्री गहलोत ने ट्वीट किया, कांग्रेस की लड़ाई तो सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी के नेतृत्व में डेमोक्रेसी को बचाने की है, पिछले एक माह में कांग्रेस पार्टी में आपस में जो भी नाइत्तेफ़ाकी हुई है, उसे देश के हित में, प्रदेश के हित में, प्रदेशवासियों के हित में और लोकतंत्र के हित में हमें फॉरगेट एन्ड फॉरगिव, आपस में भूलो और माफ करो और आगे बढ़ो की भावना के साथ डेमोक्रेसी को बचाने की लड़ाई में लगना है। उन्होंने एक और ट्वीट किया,मैं उम्मीद करता हूँ कि फॉरगेट एन्ड फॉरगिव की भावना के साथ सेव डेमोक्रेसी हमारी प्रायोरिटी होनी चाहिए। देश में वन बाई वन चुनी हुई सरकारों को तोड़ने की जो साजिश चल रही है, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों में सरकारें जिस तरह टॉपल की जा रही हैं, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, ज्यूडिशियरी का जो दुरूपयोग हो रहा है ये डेमोक्रेसी को कमजोर करने का बहुत डेंजरस गेम है। गौरतलब है की प्रदेश में चली लंबी सियासी उठा-पटक के बाद अब माहौल शांति की ओर बढ़ रहा है। राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट और उनके समर्थन में उतरे 18 बागी विधायकों ने सोमवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मिलकर अपनी बात रखी और इस तरह सभी की घर वापसी हो गई है। राजस्थान में सियासी उठापटक थमने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच की कड़वाहट भी घुल चुकी है। करीब महीने भर चली रस्साकशी के बाद आज दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से मुलाकात की।



### राहुल का पीएम मोदी पर हमला

## कोरोना पर ये संभली हुई स्थिति है तो बिगड़ी किसे कहेंगे

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला बोला है. इस बार राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगातार बढ़ रहे कोरोना मामलों को लेकर निशाना साधा है. राहुल गांधी एक ग्राफ शेयर करते हुए पूछा कि अगर ये पीएम की संभली हुई स्थिति है तो बिगड़ी स्थिति किसे कहेंगे? इससे पहले राहुल गांधी ने बुधवार को भी पीएम मोदी पर निशाना साधा था. उन्होंने इन्फोसिस के संस्थापक एन आर नारायणमूर्ति की ओर से सकल घरेलू उत्पाद में आजादी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट की आशंका जताए जाने को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर कटाक्ष किया. उन्होंने नायरायणमूर्ति के बयान वाली एक खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया था कि मोदी है तो मुमकिन है. गौरतलब है कि नारायणमूर्ति ने मंगलवार को आशंका जताई कि कोरोना वायरस महामारी के चलते इस वित्त वर्ष में देश की आर्थिक गति आजादी के बाद सबसे खराब स्थिति में होगी. उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को जल्द से जल्द पटरी पर लाया जाना चाहिये. उन्होंने यह आशंका भी जताई कि इस बार जीडीपी में स्वतंत्रता के बाद सबसे बड़ी गिरावट दिख सकती है.



### 5 सालों में घरेलू उद्योग को मिलेंगे 4 लाख करोड़ के रक्षा उपकरणों के ऑर्डर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि चीन तथा पाकिस्तान के रवैये को देखते हुए देश रक्षा जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भर नहीं रह सकता। इसलिए रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच से सात सालों में घरेलू उद्योगों को करीब चार करोड़ रुपए के आर्डर दिए जाएंगे। सिंह ने यहां 'आत्मनिर्भर भारत सप्ताह% समारोह में वीडियो कांफ्रेन्स में कहा कि किसी भी राष्ट के विकास के लिए सुरक्षा पहली प्राथमिकता होती है। जो राष्ट अपनी सुरक्षा कर सकने में समर्थ हैं, वही वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत छवि बना पाए हैं। ऐसे में भारत भी अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशी सरकारों, विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और विदेशी रक्षा उत्पादों पर निर्भर नहीं रह सकता। यह एक मजबूत और' आत्मनिर्भर भारत%के उद्देश्यों और भावनाओं के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 101 आइटम की एक नकारात्मक सूची जारी की है।




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


### खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.93 प्रतिशत पर पहुंची,

## महंगी हुई खान-पान की वस्तुयें

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण का प्रसार रोकने के लिये लगाये गये लॉकडाउन में मिली छूट के बाद महंगाई दर में बढ़ोत्तरी हुई है। जुलाई 2020 के लिए कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6 ।93 प्रतिशत पहुंच गई है। वहीं जून महीने के लिए यह दर 6 ।23 प्रतिशत थी। सरकार द्वारा जारी आंकड़े से पता चलता है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में इजाफा की वजह से खुदरा महंगाई दर भी बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार जुलाई में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9 ।62 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सरकार ने जून की खुदरा महंगाई दर को 6 ।09 प्रतिशत से रिवाइज कर 6 ।23 प्रतिशत कर दिया है। जानकारी के अनुसार मार्च के अंतिम सप्ताह में लॉकडाउन के ऐलान के बाद से ही खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। जून में यह आंकड़ा 8 ।72 प्रतिात था। सब्जियों की महंगाई दर की बात करें तो जून की तुलना में यह 1 ।86 प्रतिशत बढ़कर 11 ।29 प्रतिशत पर पहुंच गयी। दाल व इससे संबंधित अन्य उत्पादों की महंगाई दर 6 ।49 प्रतिशत थी। मीट व मछली की महंगाई दर बढ़कर 18 ।81 प्रतिशत पर पहुंच गयी है। जून में यह 16 ।22 प्रतिशत पर थी। दालों की महंगाई दर जुलाई के लिए 15 ।92 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान ने अप्रैल और मई के दौरान महंगाई दर के पूर्ण आंकड़े नहीं जारी किए थे। जुलाई महीने के लिए खुदरा महंगाई दर का आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से ज्यादा है। आरबीआई ने मध्यावधि के लिए इसे 4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। द्वैमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में आरबीआई प्रमुख तौर पर खुदरा महंगाई दर पर है फोकस करता है।



# गौमाता की पुजा अर्चना करके मनाया कृष्ण जन्माष्टमी



**प्रेस-नारायणलाल सैणचा**

कर्नाटका -जिला हासन तहसील चंनरायपटणा राजस्थान सेवा मंडली नेश्रीकृष्ण जन्माष्टमी अरसिकेरे गौ शाला मे मनाया शाम को गौ माता की पुजा करके गौ परिवार चारिटबल अरसिकेरे ट्रस्ट ने हमारी सेवा मंडली का पुष्पहार पहनाकर साल ओढ़ाकर सनमानित किया ट्रस्ट द्वारा बनाई प्रसादी वितरण करके सेवा मंडली ने एक टेम्पो मक्की का चारा 1050किलो पशुहार एक घास काटने की कुतर मशीन अरसिकेरे गौ शाला मे सेवा दि प्रकाश जी जाट कहाऔर टिप्पटुर गौ शाला एक टैक्टर चारा और 250किलो पशुहार भी दिया सेवा मंडली के प्रेरणा रविशंकर जी ने कुतर मशीन व पशुहार का 41000हजार रूपाए का सहयोग दि 11000 हजार रुपए कुतर मशीन के लिए मालाराम जी सिरवी होलेनरसिपुर का सहयोग रहा और गौशाला मे पहुँचाने का गाडी खर्च महेन्द्र जी सिरवी हनुमान जी देवासी सुरेश जी पटेल श्रावण जी पटेल हमारे सेवा मंडली सदस्य चिमनाराम जी सिरवी पुखराज जी दिनेश जी सिरवी सुरेश जी पटेल धन्नाराम जी पटेल मंगलाराम जी सिरवी रोशन जाट मनोहर जी राजु जी का तन मन धन का पुरा सहयोग रहा अरसिकेरे ट्रस्ट के सदस्य श्री जयराम जी सिरवी परसमल जी मोहन जी और भी गौ भक्त मौजूद रहे।

## कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

पाली नरेश कुमार सिरवी की रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया/जिले में कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए/जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली जिले के रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत/चाचोडी/मैं चारभुजा मंदिर राजपुरोहित समाज द्वारा भगवान श्री कृष्णा के दरबार में पूजा अर्चना करके अभिषेक किया गया और भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया/सीरवी समाज हम्ब द/परिवार द्वारा भगवान श्री कृष्ण के दरबार में भजन संध्या का



कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भजन सम्राट किशन सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में भगवान श्री कृष्ण की लीला और कृष्ण के जन्मोत्सव पर भजनों की सरिता बहाई/सिरवी समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भजन संध्या एवं अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया/जहां रानी उपखंड क्षेत्र के कई गांव में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया/ग्राम पंचायत/चाचोडी/मैं कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शिपा समाज चारभुजा मंदिर सीरवी समाज चारभुजा मंदिर राजपुरोहित समाज चारभुजा मंदिर के प्रांगण मेंपूजा अर्चना करके भजन संध्या के कार्यक्रम आयोजित किए गए/इस मौके पर राजपुरोहित समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक एवं सीरवी समाज के अचलाराम सिरवी जेठाराम सिरवी राजेश सिरवी नरेश सिरवी चुन्नीलाल सिरवी हीरालाल सिरवी आदि सहित अनेक संख्या में ग्रामीण भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर भगवान श्री कृष्णा की पूजा अर्चना की गई/राजपूत समाज से ग्राम पंचायत सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित शैतान सिंह राजपुरोहित सोहन सिंह राजपुरोहित कालू सिंह राजपुरोहित सरवन सिंह राजपुरोहित दूध सिंह राजपुरोहित नरपत सिंह राजपुरोहित किशन सिंह राजपुरोहित आदि सहित अनेक संख्या में राजपुरोहित समाज के वरिष्ठ भामाशाह एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## श्रीकृष्णजन्माष्टमी पर छोटे बच्चे भी सजे

**भिण्ड(पुष्पांजली टुडे)**

श्रीकृष्णजन्माष्टमी देशभर में धूमधाम से मनाई गई।कोरोना महामारी के चलते इस पिछले बर्षों की तरह भीड़ नहीं हुई,भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा के चलते लोगों ने घर घर श्रीकृष्णजन्माष्टमी को धूमधाम से मनाया जब हमारे पुष्पांजली टुडे संवाददाता एक जगह से निकले तो देखा कि एक बहुत छोटा बच्चा जो अभी 5 महीने का है श्रीकृष्ण जैसी पोशाक पहने हुए तैयार है तो सवांददाता से रहा नहीं गया और उस छोटे बच्चे 5 महीने के बच्चे का फोटो ले ली बच्चे का नाम अरिनव सिंह है जिसके पिता उत्कर्ष सिंह चौहान इंडियन नेवी में देश की सेवा कर रहे हैं।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की पुष्पांजली टुडे न्यूज ने भी सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।



# 30000/- के जन सहयोग से पुलिया की मरम्मत



**प्रेस-नारायणलाल सैणचा**

नगरपालिका क्षेत्र बिलाड़ा में बेरा रनिया - समदड़ा के पास चोपड़ा फीडर पर स्टेट टाईम में बने पुलिया, जिसकी दीवारें टूटती जा रही है ओर झरझर की स्थिति में है। बरसात का समय नजदीक आने से ग्रामीणों के नहर देखने आने वाले लोगों , वाहनों व राह चलते पशुओं की सुरक्षा की दृष्टि से सिचांई विभाग से मरम्मत कार्य करने में लगने वाले समय को देखते हुए यह कार्य जनसहयोग से कुछ मरम्मत योग्य राशि इकट्ठा कर आवश्यक मरम्मत करवाने का सुझाव के साथ ही मेरे गोपाराम द्वारा 500/- पेमाराम जी लटेचा, बेरा रनियां को सुपुर्द कर ओर राशि इकट्ठा करने का आग्रह किया। जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए लोगों का आवश्यक जनसहयोग आसानी से उपलब्ध हो गया पुलिया पर लगभग 30000 रु का खर्चा हुआ ओर सहयोग देने वालों में प्रर्यावरण प्रेमी व समाज सेवी लिखमाराम गहलोत, गोपाराम गहलोत, पेमाराम लटेचा बेरा रनिया, बाबुलाल राठौड़ 2000, नारायणराम गहलोत 2100, अशोक बर्फा 1100, कुमाराम रनिया 1100, माधुराम चोयल 1000, बगदाराम सीरवी 1000, मांगीलाल राठौड़ 1000, अन्य भामाशाहों का भी सहयोग लेकर यह पुलिया मरम्मत करवाया, जिसमें साईड की चारों दीवारों को उच्चा करना, टूटी दीवारों को पुनः ठीक करने के साथ टीपों पोईंटिंग आदि की मरम्मत करवायी गई। कहने का मतलब, अति आवश्यक कम लागत की मरम्मत के लिए पूरी तरह से सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जनसहयोग से छोटे छोटे काम करने के प्रयास करने चाहिए

**गोपाराम चौधरी पंवार**
**सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता, सिचांई**
**उचियारड़ा- बिलाड़ा निवासी**

**आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ब्रज प्रांत आगरा पश्चिम खेरागढ़ प्रखंड के खेरागढ़ नगर मैं**

# विश्व हिंदू परिषद 57 वा स्थापना दिवस मनाया गया

**रिपोर्टर खैरागढ़ः-राजकुमार राजपूत**

आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ब्रज प्रांत आगरा पश्चिम खेरागढ़ प्रखंड के खेरागढ़ नगर मैं विश्व हिंदू परिषद 57 वा स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें माननीय ब्रज प्रांत संगठन मंत्री सुनील जी भाई साहब द्वारा दीप प्रज्वलित कर विश्व हिंदू परिषद की स्थापना परम पूजनीय गुरु जी डॉक्टर हेडगेयरबल जी द्वारा संदीपनीय आश्रम मुंबई में सन 1964 में हुई और विश्व हिंदू परिषद के कार्यों के बारे में कार्यकर्ताओं को समझाया गया और खैरागढ़ प्रखंड सह संयोजक पवन कुमार प्रजापति को बनाया गया जिसमें उपस्थित जिला संगठन मंत्री अमित कुमार विहिप जिला संपर्क प्रमुख सत्येंद्र भारद्वाज ज़िला गौरक्षा प्रमुख राम कुमार तोमर जिला कार्यकारिणी सदस्य मुनेष चौहान प्रखंड अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष विनय गर्ग प्रखंड गौरक्षा प्रमुख हरिओम पचौरी प्रखंड उपाध्यक्ष भरत पचौरी प्रखंड सह मंत्री पंकज कुमार प्रखंड अखाड़ा प्रमुख रामप्रकाश कुशवाह नगर मंत्री करन नागर विपिन सिंगल नगर संपर्क प्रमुख श्रीकांत नगर उपाध्यक्ष शिवम नगर संयोजक रामलखन सोनी निखल रोहित मुदित सूरज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शिवपुरी।** जिले के खूबात घाटी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है! जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग नरवर में पदस्थ तिलक शैलेंद्र कुमार तायल 59 साल निवासी गांधी कॉलोनी शिवपुरी और ब्रजमोहन पुष्पा 61 साल निवासी ग्वालियर बायपास शिवपुरी बाइक क्रमांक एमपी 33 एमबी 5030 से शिवपुरी लौट रहे थे तभी खूबात घाटी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी इस घटना में शैलेंद्र कुमार की मौत हो गई पुलिस ने मृतक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है!

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक टकराई दो युवकों की मौत

**शिवपुरी।** शिवपुरी के तेंदुआ थाना क्षेत्र के पाली गांव के पास ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक टकरा गई।घटना में सिर में गंभीर चोट के चलते बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है।

# थाना दबोह प्रभारी विनोद विनायक करकरे व उपनिरीक्षक अरविंद यादव थाना प्रभारी रावतपुरा की संयुक्त कार्यवाही



**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में एबम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन एबम एस. डी.ओ.पी लहार दिनेश सिंह बैश्य के मार्गदर्शन में दबोह थाना में अपराधियो को किया जेल दाखिल।विगत है कि थाना दबोह में दिनांक 01 अगस्त 2020 को सवाना पुत्री रियाजुद्दीन निवासी कजियाना मोहल्ला दवोह की संदिग्ध हालत में मृत्यु होने पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया,एवं मृतिका का पीएम कराया गया,दिनांक 09 अगस्त 20 को पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें डॉक्टर ने दम घुटने से मृत्यु होना लेख किया,जिस पर से अपराध क्रमांक 164/ 20 धारा 302 कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना आरोपीगण निजामुद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन,अफरोज बानो पत्नी निजामुद्दीन व आरिफ पुत्र असगर अली निवासी कजयना मोहल्ला दबोह ने पूछताछ बताया कि घटना दिनांक की रात को जब में पेशाब करने कमरे से बाहर निकल कर गया तो शवाना के कमरे से कुछ लोगो की आवाज आ रही थी जब मैने आवाज़ लगाई की कौन है तो उसके कमरे से कुछ लोग निकल कर भाग गए,जिसके बारे में मैने शवाना को समझाया कि अब तुम्हारी शादी होने बाली है ऐसे काम मत करो तो शबाना बोली तुम्हें कोई लेना देना नहीं है मैं अपनी मर्ज़ी की मालिक हूँ तो बदनामी के डर से उसका गला दबा कर हम लोगो ने उसकी हत्या कर दी।उक्त तीनो आरोपियों को पकड़कर माननीय न्यायालय में पेश कर दाखिले जेल किया गया।उक्त कार्यबाही निरीक्षक विनोद विनायक करकरे थाना प्रभारी दबोह,उप निरीक्षक अरविंद यादव थाना प्रभारी रावतपुरा,आरक्षक महेंद्र व आरक्षक रोहित थाना रावतपुरा महिला आरक्षक रश्मि मिश्रा,महिला आरक्षक रूबीकी अहम भूमिका रही।

# बंद कमरे में दम घुटने से 6 गोवंशों की मौत

**रिपोर्टर पुष्पेन्द्र राजपूत**
**दिनारा शिवपुरी**

पिछोर/ शिवपुरी जिले की हिम्मतपुर चौकी क्षेत्र के गौचोनी गांव में कमरे में बंद 6 गोवंशों की दम घुटने से मौत हो गई। जब सुबह गांव वालों ने कुंडी खोल कर देखा तो 6 गौवंश की मौत हो चुकी थी। संभवतः सभी की मौत दम घुटने से हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गायों की मौत की जांच की गई डॉक्टर ने पुष्टि की कि इन गायों को ऑक्सीजन न मिलने की वजह से दम घुटने से इनकी मौत हो गई एवं पुलिस ने गांव के जिन लोगों ने गौ वंश को बंद कमरे में कैद किया था उनके ऊपर पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है चिकित्साधिकारियों ने सभी मृत मवेशियों के शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया है। इसके साथ ही पुलिस ने गाँव के 7 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और दरवाजा बंद करने वाले व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी बृजेश पुत्र हरना लोधी, सोनू पुत्र रमेश लोधी ,विनीत पुत्र नारायण लोधी ,हरि शरण पत्र वृंदावन लोधी, मातुराम पुत्र ओंमकार लोधी, नारायण पुत्र आसाराम लोधी, निवासी गण गौचौनी उक्त सभी आरोपियों के ऊपर पुलिस ने धारा 429 34 आईपीसी (11घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल शुरू कर



# 15 अगस्त को नोजोटो पर अफ़साने आज़ादी के लाइव शो फेस्ट का होगा आयोजन

**पंकज त्रिपाठी, (पुष्पांजली टुडे)**

**भोपाल।** इस साल 15 अगस्त को एक तरफ जब हमारा देश स्वतंत्रता दिवस यानि आज़ादी की सालगिरह मना रहा होगा,वहीँ दूसरी तरफ भारत का नंबर 1 स्वदेशी कंटेंट अप्प नोजोटो आज़ादी के इस पावन पर्व के साथ ही अपनी तीसरी सालगिरह मना रहा होगा।भारत के समस्त वीर सपूतों को याद करने, हजारों लोगों को उनकी कुर्बानियों से अवगत कराने के लिए और आज़ादी के इस जश्न को और ख़ास बनाते हुए नोजोटो समस्त देशवासियों के लिए लेकर आया है अफ़साने आज़ादी के नाम से एक लाइव शो फेस्टिवल। जहाँ हम सभी घर बैठे एक साथ मिलकर आज़ादी के ज़श्न में हिस्सा ले पाएंगे।जहाँ पर भारत के कुछ उभरते कलाकार अपनी कविताओं, कहानियों, गीत-संगीत, कॉमेडी, इंस्ट्रुमेंटल, रैप की प्रस्तुति के माध्यम से अपने देश के वीरों को नमन करेंगे। इसी कड़ी में पुष्पांजली न्यूज़ की टीम ऐसे ही कुछ हुनरमंद कलाकारों से बात की जो अफ़साने आज़ादी के लाइव शो फेस्ट में अपनी प्रस्तुति देने वाले हैं।मूलत: ग्वालियर की ताल्लुक रखने वाले और वर्तमान में एक्सटेंचर पुणे में इंजीनियर के पद पर कार्यरत युवा कवी शिवम् नाहर एक ऐसे हुनरमंद कलाकार हैं जो नोजोटो पर 15 अगस्त को अपनी आज़ादियाँ नाम से एक पोएट्री लाइव शो करेंगे।शिवम् एम् आई टी एस ग्वालियर से पढ़ाई हुए हैं और कविताओं के क्षेत्र में उभरता हुआ नाम हैं।शिवम् न केवल नोजोटो बल्कि यूट्यूब पर भी जाना पहचाना नाम हैं।उनकी कविता झंडे, कलंक को श्रोताओं द्वारा खासा पसंद किया गया है, और उनपर लाखों व्यूज हैं। इसके आलावा मुम्बई की भावना मिश्रा उर्फ़ बम्बइया बिहारन जो अपने देसी अंदाज और बिहारी बोली कॉमेडी शोज के लिए नोजोटो पर खासी मशहूर हैं। वो आज़ादी के इस ज़श्न को और ख़ास बनाने और दर्शकों को गुदगुदाने के लिए सास मांगे आज़ादी नाम से एक कॉमेडी एक्ट लेकर आ रही हैं।आपको बता दें की भावना के वीडियोस को नोजोटो पर 30 लाख से ज्यादा लोग देख सुन और सराह चुके हैं। दिल्ली के रहने वाले बेहतरीन कहानीकार कपिल नय्यर अफ़साने आज़ादी के लाइव शो फेस्ट में अपनी म्यूजिकल स्टोरीटेलिंग के माध्यम से देश के वीर सपूतों की गाथा और कुर्बानियां बताने के लिए बखूबी तैयार हैं।उनसे बात करने पर उन्होंने बताया की वो बचपन से ही आज़ादी के दिन को बड़े हर्ष और उल्लास से मानते हैं ऐसे में इस बार का ज़श्न उनके लिए और ख़ास होगा क्यूंकि वो हजारों लोगों से जुड़कर अपनी कहानियां पहुचायेंगे और साथ इस पावन दिन को मनाएंगे। मेरठ के रहने रैपर रोहित और उनकी पूरी टीम भी गीत संगीत और रैप की प्रस्तुति के माध्यम से माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।रैपर रोहित ने बताया की उन्होंने अपनी इस लाइव परफॉरमेंस के लिए ख़ास सांग्स तैयार किये हैं जिनको सुनकर हर देशवासी की आँखें नाम और दिल से गर्व से भर जायेगा।आप भी इस लाइव शो फेस्ट का हिस्सा बन सकते हैं - इसके लिए आपको नोजोटो एप्प पर जाकर लाइव शोज को बुक करना होगा।

# त्यौहारों पर सार्वजनिक आयोजन और समागम नहीं हों - मुख्यमंत्री चौहान

## कोरोना की वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा हुई समीक्षा, प्रदेश में रिकवरी रेट 74.7 प्रतिशत, टेस्टिंग क्षमता 20 हजार के पार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना में प्रदेश का रिकवरी रेट 74.7 प्रतिशत हो गया है। सभी जिले मास्क पहनने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्यता सुनिश्चित करें। यह कोरोना संक्रमण को रोकने में प्रभावी हैं। होम आइसोलेशन के साथ-साथ कोरोना की चैन तोड़ने के लिए जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ संस्थागत क्वारेंटाइन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले त्यौहारों जैसे गणेश उत्सव तथा मोहर्रम आदि में किसी भी तरह का सार्वजनिक आयोजन तथा समागम न हों यह सुनिश्चित किया जाए। इस उद्देश्य से यदि कहीं बड़ी मूर्तियों और ताजिए आदि का निर्माण आरंभ हो रहा है तो उस पर तत्काल पाबंदी लगाई जाए। धार्मिक कार्यक्रम घरों में ही हों, यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जेलों में फैल रहे संक्रमण को गंभीरता से लेने तथा इसके प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फ्रंट लाइन शासकीय सेवकों में संक्रमण से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत प्रसिद्ध शायर श्री राहत इंदौरी की मृत्यु के संबंध में भी जानकारी




ली। श्री चौहान वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश में टेस्टिंग क्षमता में लगातार विस्तार हो रहा है। अब 20 हजार से अधिक टेस्ट प्रतिदिन किए जा रहे हैं। अब तक कोरोना से प्रभावित 42 हजार 618 में से 31 हजार 835 व्यक्ति स्वस्थ हुए हैं। वर्तमान में सक्रिय केस 9 हजार 718 हैं मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राजगढ़ तथा सीधी जिले की विशेष रूप से जानकारी ली। राजगढ़ में 54 कंटेनमेंट एरिया बनाए गए हैं। मास्क न पहनने पर जुर्माना तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। राजगढ़ कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि जो परिवार होम आइसोलेशन के प्रावधानों का पालन नहीं कर रहे हैं, उन्हें संस्थागत क्वारेंटाइन में रखा जाए। इसी प्रकार सीधी जिले में प्रकरणों की समीक्षा तथा उपलब्ध क्षमता की जानकारी ली गई। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि होम आइसोलेशन तथा संस्थागत क्वारेंटाइन पर विस्तृत दिशा-निर्देश जिलों को जारी किए गए हैं। जबलपुर, मुरैना, खरगोन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, सागर, इंदौर जिलों की समीक्षा भी की गई। कोरोना की समीक्षा में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित अन्य अधिकारीगण ने भाग लिया।

# किसी भी शहर में नहीं दिखे कचरे का ढेर : नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह



**गंदगी भारत छोड़ो अभियान में नगरीय निकायों की होगी रैंकिंग**

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि प्रदेश के सभी शहरों को कचरा मुक्त बनायें। किसी भी शहर में कचरे के ढ़ेर नहीं दिखने चाहिए। उन्होंने कहा कि %%गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश%% अभियान में 16 से 30 अगस्त तक नगरीय निकायों द्वारा किये गये कार्यों के आधार पर उनकी रैंकिंग की जायेगी। अच्छी रैंक पाने वाले निकायों को सम्मानित किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि रैंकिंग किसी एजेंसी या नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के अधिकारियों की टीम द्वारा की जाय। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि 16 से 30 अगस्त तक चलने वाले अभियान में प्रत्येक दिन अलग-अलग जिलों में कोई न कोई स्वच्छता से जुड़ा हुआ कार्यक्रम रखा जाय। इसमें जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। उन्होंने कहा किकुछ ऐसे कार्य करें कि लागों को लगे कि कुछ अलग हो रहा है। छोटे शहरों और अन्य शहरों जहाँ कचरा निपटान की व्यवस्था नहीं है, वहाँ के लिए एक सप्ताह में प्लान बनायें। कचरा प्रबंधन के लिए पीपीपी मोड या शासकीय स्तर पर प्लांट लगाने पर विचार करें गौरतलब है कि %गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश% अभियान में शहरों में व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन पर नागरिकों को संवेदित और जागरूक किया जायेगा। अभियान में 16 से 18 अगस्त तक स्वच्छता शपथ एवं व्यक्तिगत शौचालयों का रखरखाव और सफाई पर अशासकीय संगठनों के माध्यम से झुग्गीबस्तियों एवं अन्य मुहल्लों में नागरिकों से चर्चा की जायेगी। अभियान में 19 से 21अगस्त तक नो प्लास्टिक और रिसाइकिल, रियूज, रिड्यूज और रिफ्यूज (चार-आर) के संबंध में निकायों, युवाओं और विद्यार्थियों से ऑनलाइन संवाद और परिचर्चाओं का आयोजन किया जायेगा। नागरिक संगठनों एवं जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी।



## मुख्यमंत्री निवास में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने परिजन के साथ मुख्यमंत्री निवास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पूजा-अर्चना की और सर्वकल्याण की प्रार्थना की। श्रद्धा और उल्लहास के साथ पर्व मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान ने भगवान श्री कृष्ण की स्तुति में भजन भी गाए। मुख्यमंत्री निवास में विशेष सजावट के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। मंदिर में राधा कृष्ण की झांकी तैयार कर विशेष सजावट की गई थी। श्री कर्तिकेय सिंह और श्री कुणाल सिंह चौहान ने माखन हांडी फोड़ी। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# वन नेशन-वन राशन कार्ड के अंतर्गत अगले माह से मिलेगा निःशुल्क राशन-खाद्य मंत्री सिंह

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह ने कहा कि 37 लाख लोगों को इस माह के अंत तक निःशुल्क राशन पर्ची उपलब्ध करवाई जायेगी। राशन पर्ची नहीं होने के कारण ये लोग शासन की योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप प्रदेश में अगले माह से सभी को राशन उपलब्ध करवाया जायेगा।राशन पर्ची बनाने का काम इस माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जायेगा। सभी कलेक्टर्स को इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि वे इस कार्य को 31 अगस्त तक आवश्यक रूप से पूरा कर लें, जिससे अगले माह से हितग्राहियों को राशन पर्ची के आधार पर राशन उपलब्ध करवाया जा सके। खाद्य मंत्री श्री सिंह ने बताया कि वन

**वेयर हाऊस के लिए विभागीय एक्सपर्ट की सेवायें उपलब्ध**

नेशन-वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश का श्रमिक यदि प्रदेश के बाहर काम करना चाहता है तो उसे प्रदेश के बाहर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जायेगा।इसके लिए उसे संबंधित जिले के कलेक्टर कार्यालय में अपना पंजीकरण कराना होगा, जिससे उसे वांछित स्थान पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में संचालक खाद्य श्री तरूण पिथोड़े ने बताया कि विभाग वेयर हाऊस के निर्माण के संबंध में अशासकीय व्यक्ति को विभागीय एक्सपर्ट उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करेगा। इस सुविधा का लाभ संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था एक निश्चित शुल्क जमाकर ले सकेगी। वेयर हाऊस के क्षेत्र में काम करने वालों को मदद मिलेगी। विभागीय बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज़ अहमद किदवई, संचालक खाद्य श्री तरूण पिथोड़े एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री चौहान 15 अगस्त को करेंगे भारत माता की प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल के शौर्य स्मारक में भारत माता की 25 फीट ऊँची प्रतिमा का सुबह साढ़े आठ बजे अनावरण करेंगे। कमल पर खड़ी भारत माता की कांस्य प्रतिमा की पेडस्टल सहित लंबाई लगभग 37 फीट है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह और संस्कृति, पर्यटन एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भारतीय सेना के शहीदों की स्मृति और सम्मान में स्थापित शौर्य स्मारक का उदघाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अक्टूबर, 2016 को किया था। लगभग 13 एकड़ क्षेत्र में निर्मित शौर्य स्मारक की शौर्य वीथी में भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना से संबंधित संक्षिप्त ऐतिहासिक जानकारी, चित्र, अस्त्र-शस्त्रों के छायाचित्र, टेबिल टॉप मॉडल, स्केल मॉडल, शौर्य पदकों के विवरण एवं प्रकाशन देशभक्त पर्यटकों के लिये रखे गये हैं। वीथी में लघु फिल्में प्रदर्शित करने के साथ ही भारतीय सेना की शौर्य गाथाओं से भी जनसामान्य को परिचित कराया जा रहा है। अब-तक लगभग 26 लाख 50 हजार से अधिक लोग शौर्य स्मारक का अवलोकन कर चुके हैं।

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने माशिम पोर्टल एवं माशिम मोबाइल एप का लोकार्पण किया

## नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सार्थक होंगे माशिम पोर्टल एवं एप

**भोपाल।** कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने बोर्ड ऑफिस में ई-गर्वनेंस पोर्टल, माशिम पोर्टल एवं माशिम मोबाइल एप का लोकार्पण किया। श्री परमार ने कहा कि यह क्रांतिकारी परिवर्तन है। इससे विद्यार्थी अब बोर्ड से जुड़े हुए हर कार्य को अपने मोबाइल से ही आसानी से कर सकेंगे। इससे समय और पैसे की बचत के साथ-साथ सरलता से कार्य किये जा सकेंगे। इस व्यवस्था के साथ ही शिक्षा में परीक्षा के स्थान पर लर्निंग एवं ज्ञान पर अधिक ध्यान दिया जायेगा, जो नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों की प्राप्ति में सार्थक साबित होगा। अब शिक्षक और अधिक स्किलफुल होकर बच्चों को आसानी से पढ़ा सकेंगे। इस व्यवस्था में बच्चे भी अपनी सुविधानुसार अपने मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से पढ़ सकेंगे। इस एप और पोर्टल में सभी छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालयों के पंजीकृत होने से एक क्लिक पर सभी जानकारी रियल टाईम में प्राप्त की जा सकेंगी। पंजीकृत विद्यालयों को ऑनलाइन शिक्षण सामग्री उपलब्ध होने पर निर्बाध पढ़ाई हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक शिक्षा के स्थान पर व्यावसायिक शिक्षा पर भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थी रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्राप्त कर सकें। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के अध्यक्ष श्री राधेश्याम जुलानिया ने माशिम पोर्टल एवं एप की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंडल के सभी कार्य अब मंडल के पोर्टल पर विद्यार्थी, शिक्षक एवं विद्यालय द्वारा अपने कम्प्यूटर, स्मार्ट-फोन से विद्यालय परिसर



अथवा घर से ही किये जा सकेंगे। इससे विद्यार्थियों का निजी डाटा एवं उनके डाक्यूमेंट्स की गोपनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित रहेगी। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लायेगा, साथ ही यह शिक्षा को परीक्षा केन्द्रित न होकर अधिगम (लर्निंग) एवं ज्ञान केन्द्रित बनायेगा। श्री जुलानिया ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं के स्थान पर वर्षभर आंतरिक मूल्यांकन कराते हुए यह सुनिश्चित किया जायेगा कि छात्र अधिकतम ज्ञान अर्जित कर सकें। माशिम मोबाइल एप के माध्यम से विद्यार्थियों को चरणबद्ध रूप में गुणवत्तायुक्त सेल्फ लर्निंग स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जायेगा, साथ ही एप आधारित सतत् मूल्यांकन भी किया जायेगा। ये सभी सुविधाएँ सहज एवं रियल टाईम में उपलब्ध होंगी। यह सुविधा मिलने से विद्यार्थियों को कियोस्क जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे डेटा और डाक्यूमेंट्स की गोपनीयता और सुरक्षा बनी रहेगी, साथ ही दुरूपयोग की संभावना नहीं होगी। माशिम मोबाइल एप मंडल एवं विद्यालयों के बीच सीधे संवाद के लिये एक प्लेटफार्म की तरह कार्य करेगा, इसके लिये विद्यालयों को लॉगइन दिया जायेगा। विद्यालयों को माशिम पोर्टल एवं एप पर सहज एवं रियल टाईम में सभी सुविधाएँ, सेवाएँ एवं सूचनाएँ प्राप्त होंगी। किसी भी कार्य के लिये कियोस्क जाने की बाध्यता समाप्त होगी, विद्यालयों के समय एवं अतिरिक्त शुल्क भुगतान की बचत के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तिगत डाटा एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। माशिम मोबाइल एप मंडल एवं शिक्षकों के बीच सीधे संवाद के लिये एक प्लेटफार्म की तरह कार्य करेगा, इसमें सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को माशिम पोर्टल पर पंजीकृत कर ऑनबोर्ड किया जायेगा। इसके माध्यम से शिक्षक विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के लिये प्रश्न-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। साथ ही मूल्यांकन के अंक निर्धारित समय-सीमा में अपलोड कर सकेंगे। शिक्षकों के मूल्यांकन एवं मंडल के अन्य कार्यों की मानदेय राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जा सकेगी। संस्थाओं, विद्यार्थियों एवं रोजगारदाताओं को समय-समय पर अंकसूची के सत्यापन की आवश्यकता पड़ती है, जो अब मंडल के पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध होगी। डिजिटल साइनयुक्त सत्यापित अंक सूची प्राप्त भी की जा सकेगी।

संपादकीए

## पाक को झटका

आखिरकार पाकिस्तान को चीन से दोस्ती भारी पड़ ही गई। पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के बयान से नाराज सऊदी अरब ने इस्लामाबाद से दशकों पुराने रिश्ते तोडऩे का एलान कर दिया। नाराज सऊदी ने पाकिस्तान को कर्ज और तेल की आपूर्ति रोकने की आधिकारिक पुष्टि की। वहीं, पाकिस्तान को 7482 करोड़ रुपए कर्ज लौटाने को भी कहा। सऊदी ने पाकिस्तान को 2018 में 6.2 अरब डॉलर का कर्ज दिया था। इसमें से 3 अरब डॉलर पेट्रोलियम पदार्थ लेने व उसके भंडारण के लिए दिया था। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने पिछले साल फरवरी में पाकिस्तान यात्रा के दौरान इस सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। गौरतलब है कि पाकिस्तान कश्मीर को लेकर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की बैठक बुलाने पर जोर दे रहा है, लेकिन सऊदी अरब इसके लिए तैयार नहीं है। 22 मई को कश्मीर में ओआईसी के सदस्यों से समर्थन जुटाने में पाकिस्तान विफल रहा था। इसके बाद प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा था कि इसका कारण यह है कि हमारे पास कोई एकजुटता नहीं है बल्कि सिर्फ विभाजन है। विदेश मंत्री के बयान से बिगड़ी बात को संभालने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा सोमवार को सऊदी अरब के राजदूत से मिले। हालांकि, यह मुलाकात भी बेअसर रही। कश्मीर पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के एक विवादित बयान के बाद ही दोनों देशों के संबंधों में खटास आनी शुरू हो गई थी। कुरैशी ने कश्मीर मुद्दे पर भारत के खिलाफ रुख नहीं अपनाने के लिए सऊदी के नेतृत्व वाले ओआईसी को सख्त चेतावनी दी थी कि यदि संगठन इस मामले में आगे नहीं आया तो मैं प्रधानमंत्री इमरान खान से उन इस्लामिक देशों की बैठक बुलाने के लिए मजबूर हो जाऊंगा जो कश्मीर के मुद्दे पर हमारे साथ खड़े होने के लिए तैयार हैं। कुरैशी ने कहा था कि जैसे पाकिस्तान ने सऊदी के अनुरोध के बाद स्वयं को कुआलालंपुर शिखर सम्मेलन से अलग किया, वैसे ही अब रियाद को इस मुद्दे पर नेतृत्व दिखाना चाहिए। सही मायने में देखें तो कोरोना महामारी के दौरान चीन और अमेरिका के बीच जारी कूटनीतिक जंग ने जहां पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच दूरियां बढ़ा दी हैं, वहीं सऊदी के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का काम किया है। दरअसल विवाद की शुरुआत इस्लामिक देशों में चीन की चाल से शुरू हुई। इस्लामिक देशों में प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन ने पहले सऊदी अरब को साधने की कोशिश की। असफलता हाथ लगने पर उसके प्रतिद्वंद्वी ईरान से हाथ मिलाया। फिर मलयेशिया और पाकिस्तान की सहायता से इस्लामिक देशों में सऊदी अरब का दबदबा खत्म करने की कोशिश की। मामला तब बिगड़ा जब सऊदी अरब का प्रभुत्व कम करने और उसकी जगह पाकिस्तान और मलयेशिया को खड़ा करने की रणनीति के तहत इसी साथ चीन ने परोक्ष रूप से मलयेशिया में एक बड़ा इस्लामिक सम्मेलन कराया। इसमें सऊदी अरब की भागीदारी नहीं थी, जबकि पाकिस्तान और मलयेशिया अगुआ की भूमिका में थे। इसके अलावा चीन ने ईरान से कई अहम समझौते किए। चीन की योजना अनुच्छेद 370 के सवाल पर इस्लामिक देशों में भारत को अलग-थलग करने की थी। उसकी इस योजना को तब सफलता मिली जब इसी साल जून के महीने में ओआईसी के कांट्रेक्ट समूह ने जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों की स्थिति पर चिंता जाहिर की। इसी बीच सऊदी अरब को चीन की उस योजना की भनक लगी जिसके तहत चीन ओआईसी में पाकिस्तान और मलेशिया का प्रभुत्व कायम कराना चाहता था। इसकी भनक लगते ही सऊदी अरब का पाकिस्तान, मलयेशिया और चीन के प्रति रुख बेहद सख्त हो गया। पाकिस्तान की कोशिश ओआईसी के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के जरिए कश्मीर मुद्दे पर भारत को घेरने की थी। हालांकि उसका यह दांव उल्टा पड़ा। नाराज सऊदी अरब ने न सिर्फ पाकिस्तान को 3.2 अरब डॉलर का कर्ज चुकाने का फरमान सुनाया, बल्कि उसे तेल की आपूर्ति भी बंद कर दी। भारत इस स्थिति का कूटनीतिक लाभ उठाने की तैयारी में है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सितंबर महीने में भारत सऊदी अरब से तेल आयात सहित कई अन्य क्षेत्रों में बड़ा करार करेगा। चूंकि ओआईसी में सऊदी अरब का दबदबा है। ऐसे में सऊदी अरब सहित कई अन्य इस्लामिक देशों से भी भारत की नजदीकियां बढ़ेगी।

# जब राहत साहब ने कहा...मैंने आज भी सच बोलना नहीं छोड़ा है



यह बात उन दिनों की है ज़ब अमेरिका कहीं देशो के साथ मिलकर इराक पर हमले कर रहा था उस दौर में लाल किले में एक कवि सम्मलेन का आयोजन रखा गया और उसमें राहत इन्दोरी को भी निमंत्रण दिया गया उस दौर में दिल्ली के मुख्यमंत्री थे साहेब सिंह वर्मा राहत साहब मंच पर आए तो उन्होने एक शे%र पढ़ा, जंग में कागजी आफराद से क्या होता है। हिम्मते लड़ती है...तादाद से क्या होता है तब दिल्ली के सीएम आगबबूला हो जाते है और इतने नाराज़ हो गए की इस मुशायरे से राहत साहब को अलग कर दिया गया और उन पर लाल किले में मुशायरा पढ़ने पर पाबंदी लगा दी गईं उनका ये बैन अभी कुछ वर्षो पहले ही हटा, राहत साहब को फिर बुलाया गया और उन्होने कहा आयोजन कर्ताओ ने फिर मुझे बुलाकर गलती कर दी और उपरोक्त कथन कहा.. मैंने आज भी सच बोलना नहीं छोड़ा है और पढ़ते है.. हमारा जिक्र भी अब जुर्म हो गया है यहाँ, दिनों की बात है महफ़िल की आबरू हम थे ये उनकी बेबाकी और निडरता का ही उदाहरण है। राहत साहब सिर्फ शेरो-शायरी के लिए ही मशहूर नहीं थे हाजिर जवाब, बेबाक बोलने, करारा बोलने के लिए भी लोग उन्हें याद करते है इसलिए पुरे भारत में उनके प्रशसंको को उनके शे%र मुखजबानी याद है। है वो अलग ही खुशमिजाज व देशप्रेमी इंसान थे उनके शे%रो में देश-भक्ति की लहर साफ-साफ बहती थी उनका एक शे%र..

ऐ - वतन इक रोज़ तेरी खाक में खो जायेंगे... सो जायेंगे,
मर के भी रिश्ता नहीं टूटेगा हिंदुस्तान से... ईमान से।

उनका एक और शे%र देशभक्ति का मिशाल देता हुआ,

मैं मर जाऊं तो मेरी यह पहचान लिख देना,
मेरी पेशानी पर लहू से हिंदुस्तान लिख देना।

दिल में हिंदुस्तान और शायरी में इंसानियत लिए राहत इन्दोरी साहब एक बेहतरीन शायर थे ज़ब कभी भारत में जाति पांति ऊंच नीच, साम्प्रदायिकता की बात चलती तो राहत जी कहा करते थे...

सभी का खून है शामिल, यंहा की मिट्टी में,
किसी के बाप का हिंदुस्तान थोड़ी है।

राहत इन्दोरी साहब मेरे फैज़ अहमद फैज़ के बाद सबसे पसंदीदा शायर थे ज़ब वो मंच से आशीकाना अंदाज़ मे शेर सुनाते थे तो श्रोताओं की ओर से बीना विलम्ब किए तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ती थी पिछले काफ़ी दिनों से उनका एक शे%र हर जुबान पे छाया हुआ है..

बुलाती है मगर, जाने का नहीं।
ये दुनियां है दोस्त इधर जाने का नहीं।

ये शे%र सोशल मीडिया पे काफ़ी दिनों तक पॉपुलर रहा और रहेगा भी। राहत साहब ऐसे अनुभवी इंसान थे जो महफ़िल या मुशायरे का माहौल देखकर शायरी पढ़ते थे श्रोताओं में उनकी गजब की पकड़ थी अगर किसी मुशायरे में नौजवान आ गए हो तो वे अपने जवानी के दिनों में लिखी गई शायरी को सुनाने में भी देरी नहीं करते थे। और उस हिंसाब से ही शे%रो शायरी की बरसात कर देते थे उन्होंने पाकिस्तान की खिंचाई करते हुवे लिखा...।


÷जो ये दिवार का सुराग है साजिश का हिस्सा है,
मगर हम अपने घर का रोशनदान कहते है।
जो कानो से सुनाई दे दुनियां को उसे ख़ामोशी कहते है।
जो आँखों से दिखाई दे उसे तूफान कहते है।

राहत साहब शायर तो थे ही एक बेहतरीन गीतकार भी थे उन्होंने लगभग बॉलीवुड में 50 से अधिक फिल्मो मे गीत लिखें उनके द्वारा लिखें गीतों की कुछ चुनिंदा फिल्मे.. गुंडाराज, आरज़ू, करीब, हिमालय पुत्र, दरार, इश्क़, प्रेम अग्न, बेकाबू, तम्मना, हीरो हिंदुस्तानी, मर्डर, और बहुत से ग़ज़ल और म्यूजिक एल्बमो मे भी गीत लिखें, अब राहत इन्दोरी हमारे बीच नहीं रहे पर उनकी ग़ज़ले वे शे%रो शायरी ताज़िन्दगी हमारा मनोरंजन करती रहेगी, और उनके हर कलाम में वाह वाह की आवाज़ सुनाई देगी, आखिर में राहत साहब के इसी मिश्रे के साथ..

है दुनियां छोड़ने को मंजूर, लेकिन वतन को छोड़कर जाने का नहीं !

स्वरचित व मौलिक लेख

--



**भगवान सिंह चारण,**
**डीडवाना राजस्थान**

## राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्य

अगर किसी व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी की बात करें तो वह है हमारा कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है।जिसका पालन सबसे पहले और सबसे जरूरी है।सबसे पहला कर्तव्य हमारा राष्ट्र के प्रति ही है इसके लिए हमें हमारे कर्तव्य को सबसे पहले जानना होगा। देश में प्रत्येक व्यक्ति में समर्पण की भावना सबसे बड़ी और सबसे सच्ची राष्ट्र सेवा है और सबसे बड़ा कर्तव्य भी। अनेकता में एकता का संदेश देता है हमारा देश। हमेशा सकारात्मक सोच के साथ रहता है और राष्ट्र के प्रति समर्पित होना हमारा कर्तव्य है। हमेशा राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच होनी चाहिए जिससे हर क्षेत्र में हम विकास कर पाएंगे। शिक्षा, विज्ञान और हर दिशा में हमयुवा को प्रेरित करें। हमारा कर्तव्य है कि युवाओं को उनकी जिम्मेदारी उन्हें सही दिशा पर चलने की ओर प्रेरित करें। हर व्यक्ति सामाजिक, पारिवारिक होता है लेकिन इससे पहले भी वो एक नागरिक होता है और उसका पहला कर्तव्य राष्ट्र के प्रति ही है। हमारा देश कई भाषाओं के लिए जाना जाता है यही हम सभी को समझना होगा इसका सम्मान करना होगा।अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना,हो हल्ला करना तो जानते हैं पर कर्तव्य करने में पीछे रह जाते हैं। जबकि अधिकार चाहिए तो अपने कर्त्तव्यों को करना चाहिए।हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।अधिकार जताने में आगे लेकिन जिम्मेदारी में पीछे।गैर जिम्मेदारी के कारण आज भी एक रेखा खींची हुई है जो अमीर को अमीर और गरीब को गरीब बना रही है।एक ऐसी खाई है जो भरने का नाम नहीं ले रही कारण आर्थिक विकास का ना होना।अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को भूल जाना है। नागरिकों को चाहिए कि वोटो के माध्यम से जिसे आप चुनते हैं जिसे बागडोर देते हैं अपनी जिम्मेदारी अपने कर्त्तव्यों को समझें देश को स्वच्छ बनाएं।ना की भ्रष्ट कर देश को बर्बाद के कगार पर ले जाए।हर व्यक्ति का कर्तव्य है अपने समाज के प्रति उसे भी सही तरीके से निभाया जाए। हमें ईमानदारी और विश्वास से सही तरीके से अपनी जिम्मेदारी अपने कर्तव्य को पूरा करके देश को सुंदर बनाए रखना होगा। सरकार के बनाए नियम, अभियान कार्यक्रम, कानून केवल बनाने के लिए नहीं है उनमें हर व्यक्ति को हिस्सा लेकर अपना कर्तव्य का निर्वाहन करना होगा । राष्ट्र के प्रति कर्तव्य को स्वतंत्र होकर और निष्ठावान होकर इमानदारी से समझना और समझाना होगा। तभी हम शान से कह सकते हैं कि हम भारतीय नागरिक हैं। एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य पूरा करना होगा ।हर वो कर्तव्य को पूरा करना होगा जो सारे राष्ट्र के लिए बेहतर साबित हो। स्वार्थी हो कर चुप बैठना ठीक नहीं है। पीड़ित की मदद करना हमारा कर्तव्य है पर उसमें भी लोग पीछे हट जाते हैं प्रत्येक कदम सकारात्मक दिशा में उठाने होंगे। नेताओं को दोषी ठहराना ठीक नहीं है हम खुद दोषी हैं जब मैं कर्तव्यों को ठीक से नहीं करते सही वोट देकर सही नेता चुनकर विकासशील विकसित देश बनाना हमारा कर्तव्य है। नागरिक अपने कर्त्तव्यों को पहले समझें और एक कदम बढ़ाएं अपने कर्त्तव्यों को पुरा करने में।



**निक्की शर्मा रश्मि**
मुम्बई

(चिंतन-मनन)

## सत्ता-संपदा का उन्माद

मनुष्य विचारशील प्राणी है, विवेकशील प्राणी है। उसके पास बुद्धि है, शक्ति है। वह अपनी बुद्धि का उपयोग करता है, चिंतन के हर कोण पर रुकता है, विवेक को जगाता है, शक्ति का नियोजन करता है और संसार के अन्य प्राणियों से बेहतर जीवन जीता है। जीने के लिए वह अनेक प्रकार की सुविधाओं को जुटाता है। सत्ता और संपदा ये तो ऐसे तत्व हैं, जिनका आकषर्ण अधिकांश लोगों को बना रहता है। सत्ता के मूल में सेवा की भावना है और संपदा के मूल में जीवनयापन की। न सत्ता के बल पर कोई व्यक्ति बड़ा बनता है और न संपदा ही किसी को शिखर पर बिठा सकती है। जो लोग सेवा की पवित्र भावना से सत्ता के गलियारे में पांव रखते हैं और जीवनयापन के साधन के रूप में अर्थ का उपयोग करते हैं, वे सत्ता और संपदा प्राप्त करके भी कुछ अतिरिक्त अनुभव नहीं करते। सहज सादगीमय जीवन जीते हुए वे सत्ता और संपदा के द्वारा हितकारी प्रवृत्तियों में संलग्न हो जाते हैं। कुछ लोगों की अवधारणा है कि व्यक्ति का अस्तित्व और व्यक्तित्व सत्ता और संपदा पर ही निर्भर है। इसलिए वे जैसे-तैसे इन्हें हथियाने का प्रयास करते हैं और ये हस्तगत हो जाएं तो इनका उचित-अनुचित लाभ भी उठा लेते हैं। ऐसे लोगों में न तो सेवा की भावना होती है और न ही वे उपयोगितावादी दृष्टि से अर्थ का अंकन करते हैं। इनके द्वारा अहंकार बढ़ता है और वे स्वयं को आम आदमी से बहुत बड़ा मानने लगते हैं। यहीं से एक भेद-रेखा बनने लगती है, जो सत्ताधीश और संपत्तिशाली को दूसरे नजरिए से देखने का धरातल तैयार करती है। जिस व्यक्ति के पास सत्ता हो और संपदा हो, फिर भी उन्माद न हो; बहुत कठिन बात है। इन दोनों में से एक पर अधिकार पाने वाला व्यक्ति भी मूढ़ हो सकता है। जहां दोनों का योग हो जाए, वहां मूढ़ता न आए, यह तो संभव ही नहीं है। इस बात को सब लोग जानते हैं, फिर भी सत्ता और संपदा पाने की आकांक्षा का संवरण नहीं होता। जिनकी आकांक्षा पूरी हो जाती है, वे सौभाग्य से ही मूढ़ता से बच पाते हैं। किंतु जिनकी आकांक्षा पूरी नहीं होती, वे एक दूसरे प्रकार के उन्माद का शिकार हो जाते हैं।

## सम्मान से आना

सैनिक की पत्नी ने
अपने पति को सीमा पर
युद्ध में जाने से पहले
अपने सिंदूर का
विजय तिलक कर कहा,
माँ भारती के लाल
तुम्हे सौ सौ बार नमन है,
तेरा सौ सौ वंदन है,
अब तुम्हें जाना ही है तब
मेरा अरमान है
मेरा पति मेरा भगवान है।
मगर
आतताइयों की करतूतों से
अपनी धरती माँ का आँचल
दागदार होने से बचाना,
दुश्मन के घर में घुसकर
सबक सिखाना।
तिरंगे को दुश्मन की
छाती पर फहराना,
हमारा मोह छोड़
धरती माँ से नेह लगाना।
दुश्मन को सबक सिखाकर ही
वापस शान से आना ,
यदि ऐसा न भी हो तो
तिरंगे में लिपटकर
बड़े सम्मान से आना।



**??सुधीर श्रीवास्तव**
**शिवनगर, इमिलिया गुरुदयाल, बड़गाँव, गोण्डा, उ.प्र.,271002**

## भारत के सैनिक

जो देश की खातिर यहाँ पर , जान अपनी वारते ।
वो ही यहाँ पर हम सभी के , संकटों को तारते ।।
इन सैनिकों का हर दिलों में , मान हो सम्मान हो ।
इनका कभी निज स्वार्थ खातिर , अब नहीं अपमान हो ।।

माँ-बाप , भाई और पत्नी , सुत , सुता मन में रहे ।
हर पल बहिन को याद करके , आँख से आँसू बहे ।
त्योहार सीमा पर मने फिर , भी सजग रहकर लड़ें।
इस त्याग , करुणा , शौर्य आगे , शत्रु भी कब तक अड़ें ।।

वो मातृ भू को मानते हैं , स्वर्ग से बढ़कर सदा ।
मन में तिरंगा और तन पर , भी तिरंगा सर्वदा ।।
सुख से रहें हम इसलिए जो , त्यागते हैं सुख सभी ।।
आओ करें हम सब नमन इन , शूरवीरों को अभी ।।



वो तानकर सीना सदा भिड़ते हुए अड़ते हुए
।
बलिदान देते राष्ट्र हित में , शत्रु से लड़ते हुए
।
जब ओढ़कर आते तिरंगा , भारती वन्दन करे
।
कैसी घड़ी ये शोक की , परिजन सभी
क्रन्दन करे ।।

बस अश्रु नयनों से बहे मुख , से नहीं कुछ भी कहे ।
करुणामयी इस दृश्य में सब , स्वप्न झर झरकर बहे ।।
क्यों वेदना तूने विधाता , आज सबको दी यहाँ ।
क्या दोष था उस गोद शिशु का , छिन गया जिसका जहां ।।

**रचनाकार - नवीन गौतम**
**नयागाँव - कोटा (राजस्थान)**

# सावधान,दबे पांव आ रहा है डेंगू!

कोरोना तो विदेश से शोर मचाते हुए भारत आया।जिसके बचाव के लिए सरकार के स्तर पर तैयारियां भी की गई और लोगो को मानसिक व शारिरिक रूप से कोरोना से बचने के लिए सावधानी बरतने हेतु तैयार भी किया गया।लेकिन डेंगू हर साल की तरह इस साल भी दबे पांव दस्तक दे रहा है।चूंकि हमारा सारा ध्यान कोरोना की तरफ है इसलिए डेंगू के प्रति लापरवाही हमारे लिए घातक बन सकती है।



डेंगू बुखार एक ऐसा संक्रामक रोग है,जिसे हड्डी तोड़ के नाम से भी जाना जाता है। यह मच्छरों के काटने से होता है। यह बड़ी तेजी से फैलता है।कुछ मामलो में यह रोग जीवन-ग्राही रक्तस्रावी बुखार में बदल जाता है। जिसके ब्लड प्लेटलेट्स में निम्न स्तर और रक्त प्लाज्मा में रिसाव होने लगता है। हल्के या मध्यम डेंगू बुखार होने पर उसके उपचार में रिहाइड्रेशन के लिए मुख से या फिर नसों में ड्रिप द्वारा सीधे तरल पदार्थ दिया जाता है। गंभीर डेंगू के होने पर नसों में तरल पदार्थ के साथ रक्ताधान भी किया जाता है ।डेंगू के लक्षण सामान्यत~ तीन से चौदह दिनों में विकसित होते हैं। इसके बाद डेंगू का वायरस डेंगू का मच्छर काटने के बाद से डेंगू का लक्षण विकसित होने तक की अवधि के अंदर उजागर हो जाता है। यह अवधि चार से सात दिन की हो सकती है। डेंगू के लक्षणों में अचानक तीव्र ज़्वर होना,सिरदर्द ,आंखों मे जलन,मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द,ठंड लगना ,त्वचा पर लाल चकत्ते बनना,मुँह पर निस्तब्धता आना,भूख न लगना,गले में खराश,असामान्य रूप से कान, मसूड़ों और पेशाब आदि से खून बहना आदि शामिल है। जिस संक्रमित मच्छर से डेंगू फैलता है, उसे एडीज एजिप्टी मादा मच्छर कहते हैं। यह मच्छर दिन में अधिक और कभी-कभी रात में भी काटता है। डेंगू का वायरस आरएनए फ्लैविवीरिद परिवार से है। इस रोग के वायरस चार प्रकार के होते हैं, जिन्हें सिरोटाइप कहा जाता है। जिन्हें डेन-1, डेन-2, डेन-3 और डेन-4 नाम से भी जाना जाता है। डेंगू वायरस का प्रसार एक चक्र के अंतर्गत होता है। जब मादा मच्छर द्वारा संक्रमित व्यक्ति को काटता है और इसके बाद जब यही मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तब यह वायरस दूसरे व्यक्ति में चला जाता है और इस तरह यह डेंगू चक्र लगातार बढ़ता जाता है।डेंगू के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट विशेष रूप से एंटी डेंगू आईजीजी और आईजीएम एंटी बॉडी की जाँच करने में एक उत्कृष्ट कार्यप्रणाली है। आईजीजी एंटीबॉडी के हाई टाइटर की मौजूदगी, आईजीएम एंटीबॉडी के नमूने का पता लगाने में बाधा उत्पन्न नहीं करती है। इसका परीक्षण अत्यधिक शुद्ध डेंगू प्रोटीन मिश्रण के उपयोग के द्वारा डेंगू के समस्त चारों तरह के सिरोटाइप का पता लगाया जा सकता है। डेंगू में एस्प्रीन आदि दवाईयां लेने से रक्तस्त्राव बढ़ जाता है। इनके उपयोग से बचना चाहिए। इनके स्थान पर पेरासिटामोल जैसी दवाईयां सहायक होती है। उचित आराम और तरल पदार्थ का व्यापक सेवन इस रोग में कारगर उपाय है। अति गंभीर डेंगू से पीड़ित व्यक्तियों के साथ एक अन्य समस्या यह है कि वे अचानक कम रक्तचाप का अनुभव कर सकते हैं। इसे डेंगू आघात सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है। डेंगू आघात सिंड्रोम के लक्षणों में कमज़ोर नब्ज़ चलना, गले का सुखना,पेशाब कम आना,साँस का तेज़ चलना शामिल है। डेंगू से बचने के लिए अभी तक कोई वैक्सीन बाज़ार में नहीं आई है। इसकी रोकथाम का सबसे सरल उपाय यही है कि मच्छरों के काटने से स्वयं को बचाया जाएं। दिन में मच्छर के काटने स बचने वाले उत्पादों का प्रयोग करें तो बाहर जाते समय पूरी बाँह व पूरी पैंट यानि तन ढके कपड़ों का प्रयोग करें। मच्छरों की प्रजनन क्षमता को कम करने के लिए पानी के कंटेनर को हमेशा कवर करके रखें और अपने आस पास पानी एकत्र न होने दे।यानि सावधानी ही बचा सकती है डेंगू से।इसलिए सजग रहिए,सावधान रहिए, स्वस्थ रहिए।

# कुछ पाने के लिये कुछ खोना पड़ेगा- कलेक्टर

## शिकायतों से सोल्यूशन तक पहुंचा जा सकता है- पुलिस अधीक्षक



जिला प्रशासन एवं व्यापारियों की बैठक संपन्न

**मुरैना।** व्यापारी यह सोच लें कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। जब तक इसकी वैक्सीन नहीं आ जाती तब तक इसका स्थाई हल संभाव नहीं। इसलिये व्यापारी यह सोच लें कि कोविड नियमों के तहत बाजार में मास्क एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करायें। जब तक कोविड रहेगा तब तक व्यापारियों को कुछ पाने के लिये कुछ खोना पड़ेगा। सभी सुविधाये कोविड में मिलना संभव नहीं। यह बात कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने व्यापारियों से गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री योगेशपाल गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री एसके मिश्रा, आयुक्त नगर निगम श्री अमर सत्य गुप्ता, एसडीएम, सीएसपी, टीआई सहित विभिन्न बाजारों के अध्यक्ष उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास ने कहा कि अभी बाजार में सभी सुविधायें व्यापारियों और ग्राहक को मिले जिसमें ग्राहक मोटरसाइकिल से दुकान तक और दुकानदार भी अपनी पूर्ण क्षमता के साथ अपनी दुकानदारी कर सके अभी ऐसा संभव नहीं है। कुछ पाने के लिये कुछ दुकानदार और ग्राहक को कुछ परेशानी झेलनी होंगी। जब तक व्यापारी कोई प्लान, सोल्यूशन नहीं देते तब तक बाजार में इसी प्रकार व्यवस्थाऐं प्रशासन उपलब्ध करा पायेगा। उन्होंने कहा कि बाजार की सड़कों को चौड़ा नहीं किया जा सकता। मुरैना कोई ऐसी जगह नहीं कि जहां रातोंरात सड़क चौड़ी कराई जा सकें। जैसे बाजार हैं उसी हालत में कोविड नियमों का पालन करते हुये दुकानदारी करनी होगी, ऐसा नहीं हुआ तो कोविड के केस बढ़कर आना प्रारंभ होंगे। कलेक्टर ने कहा कि जन स्वास्थ्य का ख्याल रखना है हमें पुनः कर्फ्यू न लगाना पड़े इसके लिये सभी को सोचना है। भोपाल जैसे शहर में एक दिन में 150 से लेकर 170 तक प्रतिदिन मरीज कोविड के निकल रहे हैं इसलिये भोपाल में रक्षाबंधन के समय कर्फ्यू लगा रहा। जबकि मुरैना में रक्षाबंधन के त्यौहार पर सामान्य हालात रहे। पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने कहा कि भीड़ अनियंत्रित न हो, अनावश्यक दुकानदार सड़क को न घेरें। ऐसे ही हालात रहे तो कोविड के केस बढ़ते रहेंगे। ऐसा न हो कि फिर दुःख भरे 21 दिन उन्हें दुकानदार और प्रशासन को देखने पड़ें। अभी कोरोना का फायनल सोल्यूशन नहीं है। फेस कवर, मास्क, दो मीटर दूरी बनाये रखना बहुत जरूरी है। हालात खराब हुये तो जो भी अनुमतियां है, वह स्वतः समाप्त हो जायेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री योगेशपाल गुप्ता ने कहा कि व्यापारी आपस में तय करें कि पसारी बाजार, सिकरवारी बाजार, छोटी बजरिया, तेलीपाड़ा, सराफा बाजार में टू व्हीकल अलाउ नहीं होगा तो अन्य चौड़े रोडों पर टू व्हीकल की अनुमति प्रशासन दे सकता है। जिला प्रशासन का उद्धेश्य है कि लोग कोविड से बचे रहें और सभी लोगों का जीविकोपार्जन चलता रहे। इसके लिये व्यापारी दो दिवस में अपनी सहमति पत्र प्रस्तुत करे। इसके बाद 15 अगस्त के बाद उनकी बैठक बुलाई जा सकती है। अपर कलेक्टर श्री एस के मिश्रा और नगर निगम कमिश्नर, एसडीएम और सीएसपी ने भी बैठक के दौरान अपने सुझाव दिये।

# नूरावाद सब्जियों के उत्पादन के लिये हव बनेगा

**मुरैना।** चंबल संभाग के मुरैना जिले का नूरावाद सब्जियों के उत्पादन के लिये हार्टिकल्चर हव बनेगा। शासकीय प्रक्षेत्र नूरावाद को बागवानी विकास मिशन के अन्तर्गत सब्जियों के लिये उत्कृष्टता केन्द्र इण्डो इजराइल एग्रीकल्चर प्रोडक्ट के तहत परियोजना स्वीकृत की गई है। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि शासकीय प्रक्षेत्र नूरावाद को सब्जियों के उत्पादन के लिये हब बनाया जायेगा। नूरावाद का चयन बागवानी विकास मिशन के तहत सब्जियों के लिये उत्कृष्टता केन्द्र इण्डो इजराइल एग्रीकल्चर प्रोडक्ट परियोजना में स्वीकृत किया गया है। इसके तहत नूरावाद स्टाफको इण्डो इजराइल तर्ज पर चल रहे सब्जियों के लिये उत्कृष्टता केन्द्र घरौंदा हरियाणा भ्रमण पर भेजा जायेगा। इण्डो इजराइल पद्धति के तकनीकी अधिकारियों की टीम द्वारा समय-समय पर नूरावाद प्रक्षेत्र पर उत्कृष्टता सब्जी केन्द्र के निर्माणाधीन कार्यो का मूल्यांकन एवं तकनीकी सलाह प्रदान की जायेगी। सब्जियों के लिये उत्कृष्टता केन्द्र को हार्टिकल्चर हब के रूप में प्रचारित किया जायेगा। प्रतिवर्ष 2000 कृषकों को हार्टिकल्चर हब में प्रशिक्षण दिया जायेगा। कृषकों को उनके उत्पादन के लिये मार्केटिग की व्यवस्था की जायेगी। कमिश्नर श्री मिश्रा ने बताया कि नूरावाद क्षेत्र में फ्लोरी कल्चर बिन्डो के प्रचलन को भी बढ़ावा दिया जायेगा।



# 1 लाख 17 हजार 820 पशुओं का उपचार किया गया

चंबल संभाग में पशुओं को विभिन्न बीमारियों से रोकने के लिये पशु उपचार करने का सिलसिला जारी है। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने पशुपालन विभाग के हवाले से बताया कि चालू माली साल के दौरान चंबल संभाग के तीनों जिलों में अभी तक 1 लाख 17 हजार 820 पशुओं का उपचार किया गया है। इसमें सर्वाधिक 42 हजार 686 पशुओं का उपचार श्योपुर जिले में किया गया है। मुरैना जिले में 39 हजार 834 और भिण्ड जिले में 35 हजार 300 पशुओं का उपचार किया गया है।

# संभागीय कमिश्नर कार्यालय पर संभागीय कमिश्नर मिश्रा करेंगे ध्वाजारोहण

**मुरैना।** संभागीय कमिश्नर कार्यालय चंबल भवन पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा प्रातः 8 बजे ध्वाजारोहण करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय गान होगा। सभी संभागीय अधिकारियों को इस अवसर पर उपस्थित रहने की हिदायत दी गई है। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने ध्वाजारोहण अवसर पर सोशल डिस्टेसिंग रखने, स्थल पर मास्क उपलब्ध कराने तथा संपूर्ण कमिश्नर परिसर को सेनेटाइजर करने के निर्देश संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह को दिये है।

# चंबल संभाग की 32 पंजीकृत गौशालाओं में चारा-भूसा के लिये अनुदान राशि दी गई

**मुरैना।** चंबल संभाग में पंजीकृत 32 गौशालाओं में उपलब्ध 8 हजार 05 पशुओं के चारा-भूसा के लिये राज्य शासन द्वारा 1 करोड़ 15 लाख 99 हजार 800 रूपये की अनुदान राशि दी गई है। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने एक जानकारी में बताया कि सर्वाधिक 14 पंजीकृत गौशालायें मुरैना जिले में है, इन गौशालाओं में 4 हजार 717 पशु उपलब्ध है। इन पशुओं के चारा-भूसा के लिये पशुपालन विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2020 से अभी तक 76 लाख 9 हजार रूपये की अनुदान राशि उपलब्ध कराई है। इसी तरह भिण्ड जिले में 12 पंजीकृत गौशालायें संचालित है, इनमें 730 पशु उपलब्ध है। इन पशुओं के आहार चारा-भूसा के लिये 13 लाख 78 हजार 600 रूपये अनुदान राशि उपलब्ध कराई है। श्योपुर जिले में 6 गौशालायें संचालित है, इन गौशालाओं में 2 हजार 958 पशु उपलब्ध है। इन पशुओं के चारा-भूसा के लिये 26 लाख 62 हजार 200 अनुदान राशि पशुपालन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ''सहयोग से सुरक्षा अभियान'' 15 अगस्त से

**मुरैना।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 15 अगस्त को 'सहयोग से सुरक्षा अभियान' का शुभारंभ करेंगे। अभियान की मुख्य थीम 'सहयोग और समर्थन से ही विजय-कोरोना समाप्ति का दृढ़ निश्चय' है। सहयोग से सुरक्षा अभियान में शासकीय विभागों, स्वैच्छिक संगठन, व्यापारिक संगठन, धर्मगुरु और जनप्रतिनिधि व्यापक भागीदारी करेंगे। यह अभियान सभी वर्गो के सहयोग से संचालित होगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जन जागरुकता के माध्यम से आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव लाना है। अभियान में लोगों के बीच जागरुकता लाई जायेगी जिससे वे कोरोना संक्रमण की समस्या के साथ ही जीवन जीने की आदत डाल सकें। स्वास्थ्य विभाग का यह भी प्रयास रहेगा कि नागरिक सुरक्षित व्यवहारों को अपनाएं। समुदायों को प्रोत्साहित करें जिससे वे बचाव के उपायों को जीवन शैली का अंग बना लें। स्वास्थ्य का संक्रमण से बचाव व्यवहार का हिस्सा बने इसके लिए इस प्रचार-प्रसार की निरंतरता बनाए रखने का लक्ष्य है। अभियान के तहत सरल और स्पष्ट संदेशों के माध्यम से लोगों की आदतों में बदलाव के प्रयास किये जायेंगे।

### स्वाधीनता संग्राम संबंधी प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर 15 अगस्त तक

**मुरैना।** प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा स्वाधीनता संग्राम के संबंध में ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी तथा आमजन 15 अगस्त तक ऑनलाइन प्रवृष्टि दर्ज कर सकते हैं। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं, बच्चों, विद्यार्थियों तथा आमजनता को स्वाधीनता संग्राम के प्रति जागरूक करना है। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों एवं स्नातक तथा स्नातकोत्तर के लिए फोटो क्विज एवं नारा लेखन प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार दो अन्य श्रेणियों में कविता लेखन तथा देशभक्ति पूर्ण रचना की संगीत के साथ प्रस्तुति की प्रतियोगिता होगी। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले 48 विजेताओं को एक लाख 79 हजार रूपये के पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। चित्र पहचानों प्रतियोगिता में पुरस्कार के रूप में 5 हजार रूपये प्रथम, 3 हजार रूपये द्वितीय तथा एक हजार रूपये का तृतीय पुरस्कार एवं 500 रूपये के पांच सांत्वना पुरस्कार दिये जायेंगे। कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 8 तथा स्कूल के विद्यार्थियों के लिए 8 पुरस्कार दिये जायेंगे।

### डीएलसीसी की बैठक आज

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक 14 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में लीड बैंक प्रबंधक सहित समस्त बैंकों के प्रबंधक एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### जिले में अब तक 358.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** जिले में 1 जून से अभी तक 358.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 16 मिलीमीटर वर्षा कम है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 374.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। जिले की वार्षिक औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है। जिले में सर्वाधिक 428 मिलीमीटर वर्षा मुरैना में दर्ज की गई है। जबकि सबलगढ़ में 415, जौरा में 397 मिलीमीटर, अंबाह 333, पोरसा में 330, कैलारस में सबसे कम 247 और मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। 13 अगस्त को सुबह 8 बजे तक सर्वाधिक 21 मिलीमीटर वर्षा अंबाह में, जौरा में 21, पोरसा और कैलारस में 7-7 मिलीमीटर, सबलगढ़ में 2 और मुरैना में 1 मिलीमीटर वर्षा तहसील में दर्ज की गई।

# जौरा नगर परिषद ने वितरित किए मास्क



**जौरा।** आम जनों को कोरोना जैसी खतरनाक बीमारी से बचाने के उद्देश्य को लेकर अनुविभागीय अधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासन नीरज शर्मा के निर्देशन में निकाय के कर्मचारियों द्वारा आम जनों को निशुल्क मास्क वितरित किए गए 13 अगस्त गुरुवार को जौरा नगर परिषद के एसआई दिनेश कुमार शर्मा बदन सिंह शाक्य आज द्वारा कोरोना से बचाव के लिए बाजारों में आने जाने वाले नागरिकों ग्राहकों को निशुल्क मास्क वितरित किए इस दौरान शर्मा द्वारा नागरिकों को यावी समझाइश दी गई कि घर से बाहर निकलते समय मास्क का उपयोग जरूरी है चेहरे पर मास्क लगाकर ही घर से निकले इसी दौरान निकाय कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों एवं व्यापारियों को भी सख्त हिदायत दी गई कि बिना मास्क के बाजारों में ना निकले और ना ही दुकानों पर बैठे जो ग्राहक बना मास्क के आता है उसे सामान नहीं दें तथा उसके विरुद्ध तत्काल नगर परिषद में मास्क नहीं लगाने की सूचना भी दे बिना मास्टर वालों पर आज शुक्रवार से प्रशासन द्वारा शक्ति कर जुर्माने की कार्यवाही भी की जाएगी गौरतलब है कि 2 दिन पूर्व क्राइसिस समिति की बैठक में कोरोना से बचाव के लिए शासन की गाइड लाइन का पालन करने को लेकर भी अफसरों एवं व्यापारियों में विचार विमर्श हो चुका है।

# सूने मकान से 12 बोर बंदूक सहित लाखों रुपए का सोना और नकदी ले गए चोर

**अम्बाह।** सिविल अस्पताल परिसर अम्बाह के पीछे रहने वाले जितेंद्र पुत्र सत्यदेव शर्मा के मकान से बीती रात अज्ञात चोर बाहर से ताला तोड़कर एक 12 बोर लाइसेंसी बंदूक सहित 22 तोले सोना डेढ़ किलो चांदी और 50 हजार की नगदी चुरा कर ले गए जानकारी देते हुए फरियादी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि उनका आमली पुरा गांव में मकान बन रहा था जिसे देखने के लिए वह बुधवार को परिवार सहित गांव चले गए रात्रि अधिक होने के कारण वह गांव में ही रुक गए सुबह उनको पड़ोसियों ने सूचना दी कि आपके मकान का बाहर का ताला टूटा पड़ा है सूचना पाकर हम अम्बाह आये हमने जब घर में अंदर जाकर देखा तो अलमारियों के ताले टूटे पड़े थे और सामान बिखरा पड़ा था जितेंद्र शर्मा के अनुसार उनकी एक लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक गायब थी इसके साथ ही 22 तोले सोना, डेढ़ किलो चांदी कीमत लगभग 12 लाख रुपए सहित 50 हजार की नगदी भी चोरी चली गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर आकर आसपास तलाश की किंतु किसी भी तरह का कोई सुराग नहीं मिला इसके बाद एडिशनल एसपी हंसराज भरद्वाज भी मौके पर आए एडिशनल एसपी ने मकान के आस पास की दुकानों में लगे सीसीटीव्ही कैमरों में खोजबीन की।

# कोविड का बेस्ट मेटेरियल अलग से एकत्रित करायें - कलेक्टर

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने नगर निगम एवं स्वास्थ्य एवं नगर पालिक निगम तथा नगरीय निकायों में बैठक के माध्यम से निर्देश दिये कि कोविड का बेस्ट मटेरियल अलग से पैकिंग होकर अलग वाहन में पहुंचे। उसे समान कचरे की गाड़ियों में एकत्रित न किया जाये। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. आरसी बांदिल, सिविल सर्जन डॉ. एके गुप्ता, डीपीएम श्री श्रीवास्तव सहित समिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने निर्देश दिये कि अन्य शहरों की अपेक्षा मुरैना जिले में भी जिला चिकित्सालय के कोविड वार्ड से निकलने वाला बेस्ट मटेरियल अलग से एकत्रित किया जाये, इसके लिये अलग कलर की पॉलीथिन या डिब्बे तैयार कराये जाये। यह बेस्ट मटेरियल अलग वाहन से अलग ले जाकर नष्ट किया जाये। उन्होंने कहा कि कोविड की बेस्ट सामग्री में जैसे-मरीज के ग्लब्स, मास्क, बैडशीट, नाश्ते की प्लेट, लंच बॉक्स, पानी की बोतल जैसी आदि सामग्री को अलग डिस्पोजल किया जाये। उन्होंने कहा कि कोविड व्यक्ति डिस्चार्ज होने के बाद 14 दिन तक होम क्वारंटाइन किया जाता है, उसके घर में भी निकलने वाला बेस्ट मटेरियल को एकत्रित करने के लिये प्रति व्यक्ति को 14-15 थैली कोविड लिखी हुई उपलब्ध कराई जाये, जिससे प्रतिदिन का भोजन आदि पर लगने वाली थर्माकोल प्लेट, बैडशीट को प्रतिदिन के हिसाब से अलग-अलग थैली में बांधकर रखा जावे। इन घरों से प्रतिदिन कोविड के नाम से अलग कचरे की गाड़ी लगाकर उन थैलियों को घर से उठवायें। उठाने वाले व्यक्ति भी ग्लव्स पहनकर ही यह काम करें। इसी प्रकार की व्यवस्था कस्तूरबा छात्रावास, ज्ञानोदय छात्रावास सहित विकासखण्ड स्तर पर बनाये गये क्वारंटाइन सेन्टर पर सीमएओ द्वारा करनी होगी। उन्होंने कहा कि अभी तक गीला कचरा, सूखा कचरा लेने का कार्य था, अब कोविड का कचरा अलग से लेना होगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रायवेट नर्सिंग होम में कई डिलेवरी या मरीज ईलाज लेते है, ईलाज लेने के बाद कोविड की जांच होती है तो उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया जाता है, जहां उसकी रिपोर्ट पॉजीटिव आती है तो उस प्रायवेट नर्सिंग होम में भी कोविड कचरा पैक करने का प्रबंध होना चाहिये। इस प्रकार के निर्देश सभी ब्लॉक एवं अशासकीय नर्सिंग होम को जारी किये जायें। कलेक्टर ने कहा कि अगली टीएल बैठक में कोविड के लिये यूनीफार्म स्टीकर या पॉलीथिन का सैलेक्ट किया है उसे अवगत करायें। इसी प्रकार शासकीय कार्यालयों में कई अधिकारी, कर्मचारी ग्लव्स, मास्क आदि का उपयोग करने के बाद खुले में फैंक देते है, ऐसा करना अनुचित है।



(कहानी सच्ची है)

# आयुष्मान भारत निरामयम योजना देवेन्द्र के लिये बनी वरदान



**मुरैना।** आयुष्मान भारत निरामयम योजना देवेन्द्र राजपूत के लिये वरदान साबित हो रही है। गीतांजली भवन के पास नया आमपुरा निवासी देवेन्द्र पिता बाल किशन राजपूत की किडनी खराब हो जाने से बहुत परेशान था। देवेन्द्र एक प्रायवेट फैक्ट्री में काम करता था जहां से उसे 8 हजार रूपये का वेतन मिलता था। देवेन्द्र राजपूत ने बताया कि मेरे सिर में दर्द और उल्टी होती थी। मैंने जब ग्वालियर के डॉक्टर मनीष गुप्ता को दिखाया तो उन्होंने मेरी जांच कराई। जांच में मेरी किडनी में खराबी बताई। मेरी किडनी काम नहीं कर रही थी। मुझे डॉक्टर ने डायलेसिस कराने को कहा। डायलेसिस कराना मेरे बस की बात नहीं थीं। डायलेसिस में पैसा बहुत लगता है। कोरोना लॉकडाउन के कारण फैक्ट्री बंद रहने से मैं भी घर बैठा हूं। मेरे पास जो भी जमा पूंजी थी उसमें मैंने महेश्वरी हॉस्पीटल में 21 नवंबर 2019 में लगातार 10 दिन डायलेसिस कराई। इस पर 12 हजार रूपये खर्च हुये। पैसे न होने के कारण मैं आगे की डायलेसिस कराने में असमर्थ हो गया। मैं परेशान रहने लगा। कुछ समय बाद मैं जिला अस्पताल गया वहां मुझे आयुष्मान भारत निरामयम योजना का कार्ड बनवाने की सलाह दी। मैंने आयुष्मान मित्र से संपर्क किया। उन्होंने मेरे से दस्तावेज लेकर मुझे आयुष्मान भारत निरामयम का कार्ड बनाकर दे दिया। अब मैं इसी कार्ड से जिला चिकित्सालय में निःशुल्क डायलेसिस करा रहा हूं। देवेन्द्र ने कहा कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना मेरे लिये बरदान बन गई है। अगर यह योजना नहीं होती तो मैं जिंदा भी नहीं रह पाता। घर में 8 से 9 सदस्य और मेरी आर्थिक तंगी से मैं स्वयं परेशान था और ऐसे में ही किडनी खराब हो गई। अब में आयुष्मान भारत निरामयम कार्ड से निःशुल्क डायलेसिस कराकर अपना उपचार करा रहा हूं। इस योजना के लिये देवेन्द्र ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि वास्तव में आयुष्मान भारत निरामयम योजना गरीबों, बीमारों के लिये वरदान बन गई है। मुख्यमंत्री जी ने यह योजना चलाकर बीमार व्यक्तियों को बहुत बड़ा सहारा दिया है।

## संकट की घड़ी में संबल योजना बनी सहारा

**मुरैना।** मुरैना जिले के कैलारस विकासखण्ड के नेपरी पंचायत की श्रीमती गीता के पति रघुनाथ प्रजापति की मृत्यु के बाद जब उस पर विपत्ति आई, तब प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना उसके लिये वरदान बनी। आज योजना का लाभ पाकर श्रीमती गीता प्रजापति सशक्त भी बन गई हैं और खुश भी है गीता प्रजापति के पति रघुनाथ प्रजापति की मृत्यु करंट लगने से हो गयी थी ऐसे दु:ख के समय परिवार का सहारा बनी सम्बल योजना। इस योजना के तहत गीता प्रजापति को 4 लाख रुपये की सहायता मिली है। सहायता मिलने पर वे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद दें रहीं हैं।

# आकाशीय बिजली, वज्रपात का संकेत एवं चेतावनी

**मुरैना।** तेज हवा, काले बादल या दूर में गड़गड़ाहट की आवाज आकाशीय बिजली, वज्रपात का संकेत देता है। यदि हमें आकाश से गर्जन सुनाई दे रही हो, तो हम वज्रपात वाले स्थल से करीब हैं। यदि गर्दन के पीछे के बाल खड़े हो जाये तो यह मानसून कि बिजली गिरना तय है तथा यह हमारे स्थल के आसपास ही होगा। ऐसी स्थिति में जमीन पर चित होकर नहीं लेटे, अन्यथा बिजली के संपर्क में आने का बड़ा स्थल मिल जायेगा। दोनों पैरों को जोड़कर तथा अपने सर को झुकाकर अपने शरीर को बहुत ही कम स्थान में समेट लें। ताकि बिजली गिरने की स्थिति में आप पर कम प्रभाव होगा। ष्क।डप्छष् मोबाइल एप से यह पता लगायें कि बिजली गिरने का स्थल आपसे कितने दूरी पर है। यदि घर अथवा किसी सुरक्षित संरचना के अन्दर है, तो उसी संरचना में रहे, बाहर नहीं निकलें। आकाशीय बिजली, वज्रपात से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्यः- बाहरी गतिविधियों खेतों, औद्योगिक स्थान, लोडिंग और अनलोडिंग जैसे निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों में काम करने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित होते है। एक ही जगह पर कई बार वज्रपात हो सकता है। विशेष रूप से ऊँचे नुकीले संरचना, पेड़ों से, आकाशीय बिजली, वज्रपात किसी भी समय गिर सकती है, परन्तु मानसून के पूर्व जून और जुलाई में आमतौर पर ऐसी घटनायें सबसे अधिक होती है। रबर शोल के जूते अथवा टायर से बचाव नहीं हो सकता है, यह आवश्यक नहीं कि बारिश के दौरान हीं वज्रपात हो। ऐसी घटनायें बारिश वाले क्षेत्र से 10 मील दूर तक हो सकती है अथवा तूफान आने के पहले या बाद में ऐसी घटना हो सकती है। सुरक्षित संरचना एवं घर, कार्यस्थल के अन्दर सुरक्षात्मक उपाय इस तरह करें:- बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक के उपकरणों के संपर्क में नहीं रहें और इनका पॉवर प्लग निकाल दें ताकि मुख्य पॉवर सप्लाई से बिजली का प्रवाह नहीं हो पाये। अपने कम्प्यूटर, लैपटॉप, गेम सिस्टम, वॉशर, ड्रायर, स्टोव, या इलेक्ट्रिकल आउटलेट से जुड़ी किसी भी चीज का उपयोग न करें। बिजली, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम और कंक्रीट की दीवारों या फर्श में किसी भी धातु के तारों के माध्यम से यात्रा कर सकती है। घर का अर्थिंग होना सुनिश्चित कर लें, खिड़कियाँ, दरवाजे बंद रखें। खुले हुये खिड़की, दरवाजे अथवा धातु के पाईप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहे। खिड़कियों, दरवाजों, बरामदों और कंक्रीट से बचें। बिजली किसी भी धातु के तारों या कंक्रीट की दीवारों या फर्श में सलाखों के माध्यम से यात्रा कर सकती है। पानी के धातु पाईप से बिजली प्रवाहित हो सकती है।



हेबै चीन फॉर्च्यून की बुया तुरे (आर) चौथे सीजन में 2020 सीज़न के चीनी फुटबॉल एसोसिएशन सुपर लीग (सीएसएल) के एक मैच के दौरान खिलाड़ी गेंद के लिए सघर्ष करते हुए। यह मैच बीजिंग गुओन और हेबै चाइना फॉर्च्यून के बीच खेला गया था।

## राहुल द्रविड़ ने कहा, पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव को बेकार मत जाने दीजिए



**बेंगलुरु ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का कहना है कि पूर्व खिलाड़ियों को जितना हो सके उतना अधिक राज्य टीम में इस्तेमाल करना चाहिए। बीसीसीआई द्वारा आयोजित सभी राज्य ईकाइयों के लिए आयोजित वेबीनार में नैशनल क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष द्रविड़ ने यहां कहा। विभिन्न राज्य यूनिट्स के सचिव और ऑपरेशंस हेड वेबीनार का हिस्सा थे। इसमें बीसीसीआई-एनसीए के एजुकेशन अध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर (पूर्व भारतीय वनडे सलामी बल्लेबाज) और ट्रेनर आशीष कौशिक भी शामिल थे। वेबीनार में मुख्य रूप से फिटनेस डाटा कलेक्शन और कोविड-19 के दौर में फिटनेस ट्रेनिंग को चालू करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। द्रविड़ ने इस बीच प्रशासकों का ध्यान कई परिस्थितियों और मुश्किल वक्त में काम करने के तरीकों की ओर दिलाया। एक राज्य ईकाई के सदस्य ने बताया, %राहुल ने कभी नहीं कहा कि यह करना अनिवार्य है लेकिन यह राज्य ईकाइयों को सलाह है कि उन्हें पूर्व खिलाड़ियों को उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में आजमाना चाहिए। अगर हम उन्हें क्रिकेटिंग सेटअप में शामिल कर सकें तो उनका अनुभव और विशेषज्ञता बेकार नहीं जाएगी।%

# कोरोना को मात दे फिट हुए करुण नायर, यूएई जाने के लिए तैयार



**नई दिल्ली।** कोरोना को मात दे भारतीय बल्लेबाज करुण नायर पूरी तरह फिट हो गए हैं। यूएई जाने के लिए तैयार करुण नायर कोरोना वायरस से पूरी तरह उबर गए हैं। वह अब अगले हफ्ते किंग्स इलेवन पंजाब के साथ यूएई जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। करुण पहले कोरोना वायरस पॉजिटिव आए थे लेकिन 8 अगस्त को हुई जांच नेगेटिव आई है। नायर दो सप्ताह तक सेल्फ-आइसोलेशन में रहे। इसके बाद वह टेस्ट में नेगेटिव आए। नायर को अब तीन और टेस्ट से गुजरना होगा। किंग्स इलेवन के टीम प्रबंधन ने यूएई जाने से पहले यह प्रोटोकॉल तय किया है। इसमें सभी खिलाड़ियों और सपॉर्ट स्टाफ को तीन बार कोरोना टेस्ट से गुजरना पड़ेगा। केवल वही खिलाड़ी 20 अगस्त को टीम के साथ यूएई जाएंगे जो कोरोना टेस्ट में पास होंगे। खबर के अनुसार नायर बेंगलुरु से एक चार्टर फ्लाइट में चंद लोगों के साथ बैठकर पहले दिल्ली जाएंगे और फिर वहां से उनके साथ और खिलाड़ी जुड़ेंगे। नायर ने किंग्स इलेवन पंजाब के लिए 14 मैच खेले हैं इसमें उन्होंने 306 रन बनाए हैं और जिसमें दो हाफ सेंचुरी शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 134.80 का रहा है। नायर पहले हाई-प्रोफाइल भारतीय क्रिकेटर थे जो कोविड-19 से संक्रमित हुए थे। इस वैश्विक महामारी का भारत में काफी असर देखा गया है और संक्रमित लोगों की संख्या 23 लाख से ज्यादा हो चुकी है। यह अमेरिका और ब्राजील के बाद सबसे ज्यादा संख्या है। इसी वैश्विक महामारी के चलते भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को आईपीएल का यह सीजन यूएई शिफ्ट करना पड़ा। आईपीएल से जुड़े नायर दूसरे सदस्य थे जिन्हें कोविड-19 का संक्रमण हुआ। बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक भी कोविड-19 पॉजीटिव पाए गए थे। आईपीएल ने खिलाड़ियों और सपॉर्ट स्टाफ के लिए लंबी टेस्ट प्रक्रिया बनाई है। इसमें कई बार जरूरी टेस्ट, यूएई में एक सप्ताह लंबा क्वॉरनटीन पूरा करने के बाद ही टीमें ट्रेनिंग शुरू कर सकती हैं। इसके साथ ही स्थानीय सरकार के नियम के अनुसार यूएई में आने वाले किसी भी बाहरी नागरिक के पास कम से कम 96 घंटे पहले की कोरोना नेगेटिव रिपोर्ट होनी चाहिए।

### बेन स्टोक्स की गैर मौजूदगी को पाक टीम अच्छे से भुना सकती है: वकार यूनिस

**साउथैम्पटन।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच वकार यूनिस ने अपनी टीम को अचानक मिले मौके पर गौर करने को कहा है। वकार ने कहा कि गुरुवार से इंग्लैंड के खिलाफ यहां शुरू होने जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में विपक्षी टीम के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की गैर मौजूदगी को उनकी टीम अच्छे से भुना सकती है। स्टोक्स पारिवारिक कारणों से सीरीज के अंतिम दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे और अब वह न्यूजीलैंड रवाना होंगे। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना रखी है। स्काई स्पोटर्स ने वकार के हवाले से कहा, %अगर वह (स्टोक्स) नहीं हैं तो क्रिकेट के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं है कि वह एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं।% उन्होंने कहा, %इंग्लैंड मध्यक्रम में थोड़ा कमजोर होगा, इसलिए हम इस पर बात करने जा रहे हैं और हम इसे भुनाने की कोशिश करेंगे। वह एक ऐसे बल्लेबाज हैं, जो हमसे मैच छीन लेते हैं। लेकिन हमने पिछले मैच में जिस तरह से गेंदबाजी की थी, वह यह दिखाता है कि हम अपनी रणनीति को लेकर स्पष्ट हैं।% कोच ने युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह को लेकर कहा, %वह एक प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं। उनमें बहुत प्रतिभा है। लेकिन मैं नहीं समझता हूं कि उन्होंने पिछले मैच में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन किया था।

# इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर लाउरा मार्श ने लिया संन्यास



**लंदन।** तीन बार की विश्व चैंपियन रही इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की सदस्य खिलाड़ी ऑलराउंडर लाउरा मार्श ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास का ऐलान कर दिया है। मार्श ने ट्विटर पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए लिखा, 'मैंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। इस वर्ष 'द हंड्रेड% प्रतियोगिता के रद्द होने के बाद मुझे लगता है कि संन्यास लेने का यह सही समय है। मैं उन सभी टीमों और संगठनों को बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिनका मैंने वर्षों प्रतिनिधित्व किया है।% उन्होंने आगे लिखा, 'केंट और ससेक्स ने मुझे आगे बढ़ने में काफी मदद की जिसकी मैं बहुत आभारी हूं। सरे स्टार्स, सिडनी सिक्सर्स, एनएसडब्ल्यू ब्रेकर्स और ओटागो स्पार्क्स का भी धन्यवाद। हर टीम ने मुझे एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में विकसित करने का मौका दिया और मैं वर्षों से कुछ आजीवन दोस्त और यादें बनाने के लिए भाग्यशाली हूं।% मार्श ने पिछले वर्ष के अंत में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से अलविदा कह दिया था, लेकिन अब उन्होंने हर तरह की क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। इसके पीछे मुख्य वजह 'द हंड्रेड% क्रिकेट लीग का स्थगित होना है। 33 वर्षीय मार्श ने इंग्लैंड के लिए 9 टेस्ट, 103 एकदिवसीय और 67 टी20 मुकाबले खेले। उन्होंने तीन प्रारूप में कुल मिलाकर 217 विकेट लिए। मार्श ने 2009 और 2017 में इंग्लैंड के साथ आईसीसी महिला विश्वकप जीता और 2009 में आईसीसी टी20 विश्वकप खिताब जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं।

# जब तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान की गेंद पर कोहली के मुंह से निकाली गाली



**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान अपनी तेज बोलिंग से ज्यादा अपनी हाईट को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। 7 फीट1 इंच लंबे तेज गेंदबाज ने अपने पहले भारत दौरे को याद किया है, जब उनकी पेस देखकर टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान विराट कोहली भी हैरान हो गए थे। उनकी रफ्तार देखकर विराट के मुंह से गाली निकल गई थी। करियर की शुरुआत में मोहम्मद इरफान को %मीडियम पेसर% के रूप में जाना जाता था। लेकिन उस वक्त वह 145 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से लगातार बोलिंग करते थे। इरफान जब भारत दौरे पर टीम के साथ आए थे,तब भारतीय बल्लेबाजों को उनकी बोलिंग के बारे में भारतीय कोच ने बताया था कि यह गेंदबाज 130-135 किलोमीटरप्रतिघंट की रफ्तार से बोलिंग करता है। हाल ही में मोहम्मद इरफान ने एक शो में भारत दौरे को याद किया है। उन्होंने बताया,जब उन्होंने पहली बार भारत का दौरा किया था, तब भारतीय कोचों ने अपने खिलाड़ियों को मेरी स्पीड के बारे में बताया था कि मैं 130-135 की गति से बॉल फेंकता हूं।

### रविंद्र जडेजा चेन्नई सुपर किंग्स के 6 दिवसीय कंडीशनिंग शिविर का हिस्सा नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** हरफनमौला क्रिकेटर रविंद्र जडेजा चेन्नई सुपर किंग्स के छह दिवसीय आईपीएल कंडीशनिंग शिविर का हिस्सा नहीं होंगे। यह कैंप 15 से 20 अगस्त के बीच चेन्नई में लगना है। बड़े भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ जडेजा ही इस कैंप में शामिल नहीं होंगे जिसमें महेंद्र सिंह धोनी, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, अंबाती रायुडू जैसे नाम भाग लेंगे। आईपीएल 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच यूएई में खेला जाएगा। चेन्नई सुपर किंग्स के चीफ ऐग्जिक्यूटिव ऑफिसर कासी विश्वनाथन ने कहा, %उनकी कुछ निजी प्रतिबद्धताएं हैं।% लेकिन जडेजा 21 अगस्त को दुबई की फ्लाइट पकड़ने के लिए वक्त से पहले चेन्नई पहुंच जाएंगे। कैंप का फोकस मुख्य रूप से फिटनेस पर रहेगा। इसके साथ ही क्रिकेटीय ट्रेनिंग भी होगी।

# फेसलेस मूल्यांकन और अपील से करदाताओं की शिकायतों का बोझ कम होगा ः निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि फेसलेस मूल्यांकन और अपील से करदाताओं की शिकायतों का बोझ कम होगा और कर प्रणाली में निष्पक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर व्यवस्था को और बेहतर बनाने के इरादे से गुरुवार को पारदर्शी कराधान-ईमानदार का सम्मान मंच की शुरूआत की। इस कर सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने करदाताओं के लिए चार्टर (अधिकार पत्र) का भी ऐलान किया। कर मामलों में बिना आमना सामना के अपील (फेसलेस अपील) की सुविधा 25 सितंबर यानी दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिन से पूरे देशभर में नागरिकों के लिए उपलब्ध होगी। सीतारमण ने कहा,आज कर प्रशासन के इतिहास में एक बेहद महत्वपूर्ण दिन है।साथ ही उन्होंने जोड़ा कि प्रधानमंत्री मोदी का इरादा करदाताओं को सशक्त बनाने, एक पारदर्शी प्रणाली तैयार करने और ईमानदार करदाताओं के सम्मान करने का है।

### पीएनबी का 37 हजार करोड़ दबाए बैठे हैं 1700 बकायेदार

**नई दिल्ली।** मौजूदा वित्तवर्ष की पहली तिमाही तक विनसम डायमंड एंड ज्वेलरी, गीतांजलि जेम्स और एबीजी शिपयार्ड जैसी बड़ी कंपनियों ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के 37 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा दबाए बैठे हैं। विजय माल्या की किंगफिशर एयरलाइंस के ऊपर भी 522.48 करोड़ का कर्ज है। पीएनबी की वेबसाइट पर 30 जून को अपलोड की गई जानकारी के मुताबिक कुल 1787 इरादतन बकायेदारों पर बैंक का 37020.27 करोड़ रुपए का कर्ज बकाया है। बकायेदारों की सूची में मेहुल चोकसी की कंपनी गीतांजलि जेम्स लि. पर 5064.84 करोड़ का कर्ज है। गीतांजलि समूह की ही गिली इंडिया और नक्षत्र पर क्रमशः 1,447 करोड़ और 1,109 करोड़ रुपए बकाया है।

# जियो का धांसू ऑफर,141 रुपये में मिल रहा जियोफोन 2




**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो अपने ग्राहकों के लिए नए प्रीपेड प्लान लाता रहता है, अब कंपनी अपने फीचर फोन ग्राहकों के लिए भी एक ऑफर लेकर आई है। कंपनी के ऑफर के तहत ग्राहक 141 रुपये/महीना की कीमत पर रिलायंस जियो का फीचर फोन जियोफोन 2 खरीद सकते हैं। यह एक ईएमआई स्कीम है, जिसकी जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर दी गई है। जियोफोन 2 फीचर फोन की वास्तविक कीमत 2999 रुपये है, हालांकि ईएमआई ऑफर के तहत 141.17 रुपये महीना की किश्त पर खरीदा जा सकता है। वेबसाइट के मुताबिक, ऑफर का लाभ सिर्फ क्रेडिट कार्ड यूजर्स ही उठा सकते हैं। ग्राहक फोन को कंपनी के ऑफिशल वेबसाइट जियोडॉटकॉम से खरीद सकते हैं। फोन खरीदने के लिए यहां अपना पिनकोड डालकर उपलब्धता चेक करें। डिलिवरी चार्ज 99 रुपये लिए जाएंगे।यह एक 4जी फीचर फोन है,जिसमें एचडी वॉइस कॉलिंग, फास्ट 4जी स्पीड, इंटरटेनमेंट एप का सपॉर्ट मिलता है। इस ड्यूल सिम फोन में 2.4 इंच का टीएफटी डिस्प्ले मिलता है। फोन में 2000एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 15 दिन का स्टैंडबाय टाइम देती है। म्यूजिक और विडियोज के लिए इसमें 128 जीबी तक का माइक्रो एसडी कार्ड डाला जा सकता है। इसमें कीपैड, 3.5एमएम हेडफोन जैक, एफएम रेडियो और टॉर्च लाइट भी दी गई है। फोन में फोटोंग्राफी करने के लिए कैमरा भी दिया गया है।



# कलेक्टर सिंह ने रानीघाटी गौशाला का लिया जायजा

## बकरी पालन केन्द्र एवं अन्य विकास कार्य भी देखे

**ग्वालियर।** निराश्रित गौवंश को आसरा मुहैया कराने के लिये जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विकासखण्ड घाटीगाँव के अंतर्गत नवनिर्मित गौशाला का गुरूवार को जायजा लिया। उन्होंने गौशाला में गौवंश के लिये जुटाई गई सुविधायें देखीं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि इस गौशाला के निर्माण से ग्वालियर में लाल टिपारा स्थित गौशाला से गौवंश का बोझ कम होगा। साथ ही बेहतर ढंग से गौवंश की देखभाल भी हो सकेगी। उन्होंने इस गौशाला में जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग दिलाने की बात कही। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आरोन क्षेत्र में स्थित बकरी पालन केन्द्र का भी जायजा लिया। साथ ही घाटीगाँव क्षेत्र के अन्य ग्रामों में ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्य भी देखे। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान वृहद वृक्षारोपण कराया जाए। साथ ही जल संरक्षण के उपाय भी किए जाएं।





### निर्वाचन के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया

ग्रामीण अंचल में भ्रमण पर जाने से पहले कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निर्वाचन के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया। उन्होंने एमएलबी कॉलेज परिसर एवं नवनिर्मित निर्वाचन भवन में बनाए गए स्ट्रांग रूम का जायजा लिया।

## ऊर्जा मंत्री तोमर एवं सांसद शेजवलकर ने बरा डंपिंग ग्राउंड में किया वृक्षारोपण

# अपने जीवन में एक पौधा जरूर रोपें और उसकी रक्षा भी करें - प्र्रद्युम्न सिंह तोमर

**ग्वालियर।** जितना प्यार हम अपने बच्चों को करते हैं उतना ही प्यार हमें पेड़-पौधों को भी करना चाहिए। वृक्ष ही हमें ऑक्सीजन के जरिए जीवन देते हैं। अगर हम पेड़-पौधों का ख्याल नही रखेगें तो हमारा जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगायें और बच्चे की तरह उसकी देखभाल भी करें। इस आशय के विचार ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज बरा डंपिंग ग्राउण्ड के समीप विकसित किए जा रहे पार्क में पौधरोपण के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करने और मुंह को मास्क से ढंककर रखने की बात भी कही। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद श्री विवेक



नारायण शेजवलकर ने कहा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होगें। प्रयास करें कि बडे पौधे ही लगाये जायें, जिससे ये पौधे जल्द से जल्द पेड़ बन सकें। उन्होंने कहा बरा डंपिग ग्राउंड में शहर से निकलने वाले कचरे को फैंका जाता था उसकी तरफ कोई जाना नही चाहता था, गंदगी और धुंए के गुबार लगे रहते थे। लेकिन अब बरा डंपिंग ग्राउंड की दशा सुधरने जा रही है। यहां लगभग आठ बीघा में सुंदर व आकर्षक पार्क का निर्माण किया जा रहा है। शंकरपुर स्थित बरा डंपिंग ग्राउंड पर बनाए जा रहे जीवनदायी वन परिक्षेत्र मैं गुरुवार को द फेथ ऑफ पब्लिक स्टूडेंट वेलफेयर एवं शिक्षा समिति ग्वालियर के तत्वावधान में जी न्यूज 24 व गुरुद्वारा श्री दाता बंदी छोड़ के सहयोग से स्वर्गीय नारायण कृष्ण शेजवलकर की स्मृति में वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 100 बड़े पौधे रोपे गए। बाबा श्री लक्खा सिंह जी ने अर्जुन का पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर के द्वारा अर्जुन का पौधा एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने पीपल का पौधा रोपा। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्री जगत सिंह कौरव, वार्ड 35 के पूर्व पार्षद श्री राजेंद्र जैन, जी न्यूज 24 के चीफ एडिटर श्री रवि यादव, श्री इंद्रजीत सिंह राजपूत, श्री प्रदीप लक्षणे, श्री अरुण कुशवाह, श्री ध्रुव गौतम, श्री रमेश पचौरी, श्री लक्ष्मी नारायण प्रजापति, श्री शैलेंद्र कुमार आदि सहित क्षेत्रीय नागरिकों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

## देवी अहिल्याबाई ने शासन करने वालों के लिए आदर्श प्रस्तुत किया: डॉ. सिकरवार



**ग्वालियर।** वरिश्ठ भाजपा नेता एवं जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज देवी अहिल्याबाई पुण्यतिथि पर माडरे की माता चौराहा पर स्थित देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा को पानी से नहलाया और प्रतिमा पर पुश्पांजली अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने षासन करने वालों के लिए आदर्ष प्रस्तुत किया है, इसका अनुसरण आज सत्ता में मौजूद लोगों को करना चाहिए। देवी अहिल्याबाई ने सत्ता का उपयोग स्वंय के लिए कभी नही किया, उनमे मॉ का प्रेम और करूणा थी। डॉ. सिकरवार ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने 200 वर्श पूर्व ही नारी षक्ति की स्थापना कर यह साबित कर दिया था कि भारतीय नारी किसी से पीछे नहीं है। हमें अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर ही सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेष करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार के साथ पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रमोद जैन, मण्डल महामंत्री अवधेष कौरव, सुनील रमपुरिया, सुरेष प्रजापति, आषू तोमर, अंकित कठठ्ल आदि मौजूद रहे।

## क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ने हरिजन बेटी को बचाने हेतु किया रक्तदान



**अमित शर्मा रिपोर्टर**

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिंह भदोरिया के पास खबर आई कि बिरला हॉस्पिटल में एक हरिजन की बेटी करिश्मा चोरसियास्र/श्र जशवन्त चोरसिया गीलापुरा पंचायत अम्बाह को रक्त* की आवश्यकता है बेटी के लिवर में इन्फेक्शन होने की वजह से अर्जेंट ब्लड की जरूरत थी इसे देखते हुए क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदोरिया जी ने स्वयं जाकर बिरला हॉस्पिटल में ब्लड दिया इसके उपरांत पीड़ित बिटिया की जान बच सकी ब्लड डोनेट करते समय उन्होंने आश्वासन भी दिया कि अगर और किसी चीज की जरूरत होती है तो वह अपनी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे और ब्लड की जरूरत पड़ती है तो ब्लड भी देंगे बाकी हर संभव सहायता भी करेंगे ज्ञात रहे क्षत्रिय महासभा संगठन हमेशा से ही लोगों की मदद करने में अग्रणी रहता है फिर चाहे वह ब्लड डोनेशन की बात हो या किसी के अधिकार के हनन की बात हो या गरीब असहाय की सहायता करने की बात हो हमेशा यह संगठन सर्वहित में कार्य करता है उसी का आज उदाहरण हमें देखने को मिला कि क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जी ने स्वयं उस दलित की बिटिया को ब्लड डोनेट किया यह घटना ये बताती है कि हमें एक दूसरे के समाज का आदर सम्मान वह सहयोग सदेव करना चाहिए इस मौके पर अध्यक्ष जी के साथ डॉ धर्मेंद्र सिंह चौहान मीडिया प्रवक्ता, भरत सिंह चौहान मीडिया प्रभारी, सुरजीत राजावत समाजसेवी, राजप्रताप सिंह तोमर चंबल संभाग ग्वालियर संगठन मंत्री एवं अभिषेक सिंह उपस्थित रहे द्यद्य

## मितेंद्र दर्शन सिंह को किया सम्मानित

**ग्वालियर।** मितेंद्र दर्शन सिंह जी को गौरवशाली सामाजिक संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा संरक्षक श्याम श्रीवास्तव सचिव वासुदेव मिश्रा सह सचिव अधिवक्ता बरखा श्रीवास्तव द्वारा मितेंद्र



दर्शन सिंह जी को आभार पत्र देकर सम्मानित किया मितेंद्र दर्शन सिंह जी के द्वारा भी कोरोना में निरंतर जरूरतमंदों की मदद करते हुए कोरोना महामारी की रोकथाम एवं बचाओ आम जनता को जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है मितेंद्र दर्शन सिंह जी के द्वारा संस्था के संकल्प कोई भूखा ना सोए में कार्य की काफी प्रशंसा करते हुए संस्था के अन्य गतिविधियों की तारीफ की इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था के संरक्षक विजय शर्मा दिनेश शर्मा जी प्रमिला मारवा जी अधिवक्ता नीरज भार्गव जी एलएन मिश्रा जी यश कपूर जी जीके सूरी जी री ता डोगरा जी प्रमोद नरवरिया कोषाध्यक्ष अंजलि नरवरिया वार्ड अध्यक्ष नीलम कुशवाहा माया पटेरिया जी रानी विश्वकर्मा जी सपना पाल सुनील शर्मा खुशबू शर्मा सपना दुबे जी शालिनी जी सुनील गौतम सोनू भर दे ले सभी ने आभार व्यक्त किया।

## डॉ. सिकरवार ने वार्ड 24 में हो रही पेड कटाई रूकवाई



**ग्वालियर।** आज सुबह नगर निगम के वार्ड 24 में एम-ब्लॉक स्थित काली माता मंदिर के पीछे कुछ हरे-भरे वृक्षों को काटे जाने की सूचना वरिश्ठ भाजपा नेता एवं जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार को मिली। जिसके बाद डॉ. सिकरवार तुरन्त ही क्षेत्रीय पार्शद दिनेष दीक्षित एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थल पर पहुँचे। डॉ. सिकरवार एवं अन्य भाजपा नेताओं को देखकर पेड़ काट रहें व्यक्ति वहां से भाग गये। जिसके बाद क्षेत्रीय पार्शद दिनेष दीक्षित ने डॉ. सिकरवार को बताया कि इस स्थान पर करीब 700 पेड़ है, यह जगह स्वास्थ विभाग के लिए षासकीय क्वाटर बनाने के लिए आंवटित कर दी गई है। यहां पर षासकीय क्वाटर बनाने के लिए पर्याप्त खाली स्थान है फिर भी इन पेड़ो की कटाई की जा रही है। दिनेष दीक्षित ने आगे जानकारी डॉ. सिकरवार को देते हुये कहा कि पहले भी मैं और मेरे साथ कई भाजपा नेता कलेक्टर अनुराग चौधरी एवं वर्तमान कलेक्टर कौषलेन्द्र सिंह से षिकायत कर चुके है, लेकिन ये पेड़ो की कटाई का कार्य नही रूक रहा है। जिसके बाद डॉ. सिकरवार ने तुरन्त ही स्थल से कलेक्टर कौषलेन्द्र सिंह से फोन द्वारा घटना के बारे में चर्चा की। डॉ. सिकरवार ने वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय निवासियों से कहा कि चाहे कुछ भी हो जाये, मैं इन पेड़ो की कटाई नही होने दूॅगा। पर्यावरण के लिए वृक्षों का होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार के साथ क्षेत्रीय पार्शद दिनेष दीक्षित, संजय षर्मा, नूतन श्रीवास्तव, उधम सिंह यादव, विश्णु श्रोत्रीय, घनष्याम पंत, बबलू राणा, पुरूशोत्तम षर्मा, प्रेम मंडेलिया, वीरेन्द्र मिश्रा, अवधेष कौरव, सुरेष प्रजापति, आषू तोमर, अंकित कठठ्ल एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com

Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478